


हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025






# आतंकवाद के खिलाफ सभी हुए एकजुट, शहर में निकली मौन रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की सेवाभावी उदयाचल संस्था के आह्वान पर आज सैकड़ों लोगों ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का विरोध करते आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन कर मौन रैली निकाली और आतंकवादियों के हमले में मारे गए लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

आतंकवाद के खिलाफ राजनांदगांव शहर आज शाम एकजुट नजर आया। यहां सभी धर्म, जाति, संस्था के लोगों ने मिलकर आतंकवाद के खत्मे की मांग करते पहलगाम में हुए पर्यटकों की हत्या की कड़ी निंदा की। मृतकों को श्रद्धांजलि देने और आतंकवाद के खिलाफ शहर की सेवाभावी संस्था उदयाचल परिसर से रैली की शुरूआत की गई। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंची, जहां पर सैकड़ों लोगों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



### आतंकवाद का विरोध

शहर के लोगों ने मौन रैली निकालकर एक हाथ में मोमबत्ती रखी और दूसरे हाथ में आतंकवादी विरोधी नारों की तख्ती रखकर आतंकवादियों के खात्मे की केंद्र सरकार से मांग की। इस रैली में महिलाओं की संख्या काफी अधिक रही।



### सभी संस्था के पदाधिकारी शामिल

उदयाचल परिसर से निकली रैली में शामिल होते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली, उदयाचल संस्था के अशोक मोदी, कांग्रेस के शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, मुस्लिम समाज के अध्यक्ष रईस अहमद शकील, व्यापारी संगठन के अध्यक्ष शरद अग्रवाल सहित अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान सभी ने पहलगाम में हुई घटना की कड़ी निंदा की।

### छुट्टियों के दिन भी गिनती के भक्त पहुंच रहे डोंगरगढ़, रूट के व्यापारी परेशान

# रोप-वे बंद: भक्तों के पास सीढ़ियां ही सहारा तपती धूप में अग्निपरीक्षा से पसरा सन्नाटा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर में बीते शुक्रवार को हुए हादसे के बाद रोप-वे का संचालन बंद कर दिया गया है। एक्सपर्ट इंजीनियरों के आने के बाद जांच उपरांत ही संचालन शुरू होने की बातें कही जा रही है। ऐसे में मां का दर्शन करने डोंगरगढ़ पहुंचने वाले भक्तों को अग्निपरीक्षा से होकर गुजरना पड़ रहा है। हीटवेव के इस दौर में जहां तापमान 40 डिग्री से अधिक पर रहा है। भक्तों को लगभग 11 सौ सीढ़ियों को चढ़कर ही मां के दर्शन मिल रहे हैं। यही कारण है कि आम दिनों के मुकाबले दर्शनार्थियों की संख्या में भी कमी देखने को मिली है।

ज्ञात हो कि इस मामले में जहां प्रशासन ने अपनी टीम बनाकर सात दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी है। वहीं डोंगरगढ़ थाना में भी रोप-वे संचालन समिति के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। जिसकी भी जांच चल रही है। उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को जब भाजपा नेता रोप-वे के जरिये मां के दर्शन कर वापस लौट रहे थे, उस दौरान ट्रॉली हादसे का शिकार हो गई थी। इस हादसे में भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा को गंभीर चोटें भी आई। उनके अलावा पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, दया सिंह सहित छह लोग सवार थे, जिन्हें हल्की चोंट आई थी। इस मामले के बाद ही प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट ने रोप-वे का संचालन बंद करवा दिया है। पिछले तीन दिनों से मंदिर दर्शन के लिए पहुंचने वाले भक्तों को पैदल ही जाना पड़ रहा है। जिसकी वजह से अब श्रद्धालुओं की घटती संख्या व्यापारियों के लिए भी चिंता का कारण बन गई है।

## रोप-वे की जांच व फिटनेस टेस्ट के बाद जारी किया जाएगा सर्टिफिकेट





### कोलकाता से आ रहे इंजीनियर

रोप-वे में हुए हादसे के बाद कंपनी के एक्सपर्ट इंजीनियर कोलकाता से आ रहे हैं। उन इंजीनियरों के आने बाद ट्रॉली एवं सिस्टम की जांच की जाएगी। इसके साथ ही प्रशासन की टीम भी मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद रोप-वे संचालन के लिए दोबारा फिटनेस सर्टिफिकेट की मांग की जाएगी। एनआईटी की जांच में सब कुछ सही पाए जाने के बाद यह सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में अगले 3 से 5 दिन लग सकते हैं। ऐसे में इससे पहले रोप-वे का संचालन शुरू हो पाना मुश्किल लग रहा है।

### छुट्टी में 3-4 हजार आते थे श्रद्धालु

मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार आम दिनों में लगभग हजार से 12 सौ लोग रोप-वे से आना-जाना करते हैं। वहीं छुट्टियों के दिन एवं शनिवार-रविवार को यह संख्या तीन गुना तक बढ़ जाती है। छुट्टियां रहने पर लगभग तीन से चार हजार श्रद्धालु रोप-वे का सहारा मंदिर पहुंचने के लिए लेते हैं। इनमें अधिक दूरी तक चलने में असमर्थ, बुजुर्ग एवं बच्चों की संख्या अधिक होती थी, लेकिन अब रोप-वे का संचालन बंद होने से से ऐसे श्रद्धालुओं की दिक्कतें बढ़ गई है।

**14 ट्रॉली, 14 का स्टॉफ:** दर्शकों को रोप-वे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मंदिर ट्रस्ट द्वारा करीब 14 ट्रॉली लगाए गए हैं। इन ट्रॉली के जरिये ही श्रद्धालु मंदिर आना-जाना करते हैं। रोप-वे के संचालन की जिम्मेदारी 14 लोगों के टेक्निकल स्टॉफ के भरोसे है। इसके अलावा मंदिर समिति के भी कुछ सदस्य संचालन में मदद करते हैं, जिस समय यह हादसा हुआ, उस वक्त कर्मचारियों का भोजन अवकाश चल रहा था।

# पाकिस्तान कर रहा देश व समाज को विभाजित करने का षड्यंत्र: डा. रमन

**खास बातें**

- मां कर्मा की प्रतिमा का अनावरण एवं सामुदायिक भवन का लोकार्पण करने पहुंचे थे विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह अपने निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान वह विभिन्न आयोजन में शामिल हुए। वहीं अपने विधानसभा अध्यक्ष निवास कार्यालय में स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। डॉ. रमन सिंह ने पहलगाम में हुए पर्यटकों पर आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार द्वारा इस पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ग्राम धीरी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होते हुए यहां मां कर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया और सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। वहीं इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

**प्रधानमंत्री करेंगे सख्त कार्रवाई**

पहलगाम मामले को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि निर्दोष लोगों की हत्या धर्म के आधार पर की गई है। यह न केवल हत्या है, बल्कि देश और समाज को विभाजित करने का षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान यह षड्यंत्र कर देश को विभाजन की दिशा में बढ़ाना चाहता है, लेकिन प्रधानमंत्री इस पर सख्त कार्रवाई करेंगे।

### नक्सलवाद की उल्टी गिनती शुरू

नक्सल मोर्चे पर सुरक्षा बलों द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई के बीच बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के करेंगुट्टा की पहाड़ी में नक्सलियों के खिलाफ चल रही अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन में जवान नक्सलियों के मांद तक पहुंच गए हैं। इसको को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह तीन राज्यों का क्षेत्र है, जहां 8-10 हजार हमारे अलग-अलग फोर्स के जवान मौजूद हैं। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित उड़ीसा, झारखंड और तेलंगाना के जवान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 60 किलोमीटर के एरिया में जवान आगे बढ़ चुके हैं और तीन नक्सलियों को मार गिराया है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि घना जंगल है, वहां नक्सलियों को ढूंढना आसान नहीं है, अब नक्सलवाद की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और नक्सलवाद के खात्मे के लिए यह प्रभावी कदम है।

## पिकअप वाहन में पशु तस्करी, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिकअप वाहन में पशु तस्करी किए जाने की सूचना पर पुलिस ने वाहन से मवेशी बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुरिया पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। 27 अप्रैल को पुलिस ने मूखबीर सूचना पर छुरिया फॉरेस्ट नाका के पास आरोपी शीतल राठौर निवासी नागपुर द्वारा अपने पिकअप वाहन में तीन नग मवेशियों को बिना चारा-पानी के ठूंस-ठूंसकर भरकर अवैध तरीके से कत्लखाना (महाराष्ट्र) परिवहन करते पाए जाने पर कार्रवाई की है।

### तीन भैंस, वाहन व मोबाइल जब्त

आरोपी के कब्जे से तीन नग भैंस, एक नग पिकअप वाहन एवं एक नग एंड्राइड मोबाइल को जब्त किया व आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों के विरुद्ध पृथक से वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष भुआर्य, सहायक उपनिरीक्षक सत्तूलाल कंवर, आरक्षक अश्विन वर्मा, द्वारका कलारी, भुवनेश्वर वर्मा एवं अन्य थाना स्टाफ का कार्य सराहनीय रहा।

**माय एंगल**




# बांग्लादेशी, संदिग्धों की पहचान के लिए मुहिम

- 170 से अधिक लोगों की पुलिस ने की जांच, कोई बांग्लादेशी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में बाहर से आए मुसाफिरों, फेरी वालों, बांग्लादेशी व अन्य संदिग्धों की पहचान के लिए पुलिस ने अभियान चलाया है। जिसके तहत लगभग 170 लोगों की जांच की गई। जिसमें किसी प्रकार के बांग्लादेशी व्यक्ति नहीं पाए गए।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में जिले में हो रही चोरी आदि की घटना की रोकथाम के लिए अभियान के तहत 26 अप्रैल को सभी थाना व चौकी में अभियान चलाकर बांग्लादेशी एवं अन्य बाहरी मुसाफिरों को चेक किया जा रहा है। साथ ही संदिग्ध किरायेदारों की भी चेकिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा अभिनंदन गैलेक्सी अपार्टमेंट, इंदिरा नगर एरिया, इस्कान वाटिका, पनेका चौक, उत्सव अपार्टमेंट बसंतपुर रोड़ में जाकर लगभग 60 लोगों से पूछताछ किया गया। थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा न्यू बस स्टैंड इंदिरा आवास में करीब 50 लोगों को चेक किया गया। थाना सोमनी पुलिस द्वारा कोपेडीही, कल्याणी इस्पात एरिया में चेकिंग अभियान चलाया गया।

जिसमें 40 लोगों से पूछताछ किया गया। ओपी तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा मचानपार, दिवानटोला, तुमडीबोड़ एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लगभग 20 व्यक्तियों से पूछताछ किया गया। जिसमें कोई भी बांग्लादेशी व्यक्ति नहीं पाया गया। ओपी चिखली पुलिस द्वारा अपने चौकी क्षेत्रों में लगभग 20 लोगों से पूछताछ किया गया। जिसमें किसी प्रकार के बांग्लादेशी व अन्य मुसाफिरों की चेकिंग किया गया। जिसमें किसी प्रकार के बांग्लादेशी व्यक्ति नहीं पाया गया।

### जिलेभर में मनाया जाएगा 30 को भगवान परशुराम प्रकटोत्सव

# घर-घर रचाएंगे गुड्डा-गुड़िया का विवाह, अक्ती पर शादी की होड़, सभी होटल-भवन के साथ गार्डन बुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अक्षय तृतीया पर्व पर घर-घर में गुड्डा-गुडिया का विवाह रचाया जाएगा। इस दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्म हुआ था, जिसे अक्षय मुहूर्त माना गया है। 30 अप्रैल को इस पर्व पर विविध सामाजिक एवं पारंपरिक आयोजन भी किए जाएंगे।

वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 30 अप्रैल को है। इस दिन अक्षय तृतीया पर्व अंचल में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाएगा। जिसकी व्यापक तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। बाजार में वैसे तो वैवाहिक मुहूर्तों के चलते रौनक है। शहरी सहित ग्रामीणजनों की इन दिनों बेहतर उपस्थिति हो रही है। जिनके यहां वैवाहिक कार्यक्रम है, वे विवाह संबंधी सामग्रियों की खरीदी के अलावा अन्य खरीदी करने जुटे हुए हैं। जिसके चलते कपड़ा, ज्वेलरी, बर्तन, फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक्स सहित अन्य दुकानों समान दिनों की अपेक्षा इन दिनों लोगों की अच्छी खासी उपस्थिति बन रही है। इसके अलावा वैवाहिक आयोजनों से जुडे डेकोरेशन, वाहन, बैंड, धुमाल, हलवाई सहित अन्य की भी व्यस्तता काफी बढ़ी हुई है। अक्ती को लेकर अधिकांश सार्वजनिक भवनें पूर्व से ही आरक्षित करा लिए गए हैं।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर घर-घर एवं सामूहिक रूप से भी विविध सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम किए जाने की व्यापक तैयारियां की जा रही है। इस दिन बड़ी संख्या में लोग परंपरानुसार सामाजिक आयोजन भी करते हैं। लिहाजा पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी तैयारी है। अक्ती पर शहर सहित ग्रामीण अंचल में धार्मिक, सामाजिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों का सिलसिला बना रहेगा।



### गुड्डा-गुडिया की सजी दुकान

पारंपरिक रूप से अक्षय तृतीया अक्ती पर घर-घर में बच्चे मिट्टी के बने गुड्डा-गुडिया का विवाह रचाते हैं। जिसमें उनके परिजन भी शामिल होकर मंगल कामना करते हैं। पर्व को लेकर शहर के गोल बाजार से लेकर चौक-चौराहों एवं ग्रामीण बाजार में भी मिट्टी के बने गुड्डे-गुडियों की दुकानें सज चुकी है। गुड्डा-गुडिया को आकर्षक एवं आधुनिक रूप भी दिया गया है। जिसके प्रति बच्चे व उनके परिजन आकर्षित हो रहे हैं। गुड्डा-गुडिया सहित छोटे-छोटे वैवाहिक सामग्रियों की मांग भी लोगों के बीच बनी हुई है।

### अक्ती पर सर्वाधिक वैवाहिक आयोजन

लगातार वैवाहिक मुहूर्तों के चलते शहर सहित ग्रामीण इलाकों में इन दिनों वैवाहिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। बारात-चौथिया आने-जाने का वातावरण निर्मित है। ऐसे में अबूझ मुहूर्त अक्ती पर अंचल में बड़ी संख्या में वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की संभावना है। बड़ी संख्या में लोग अक्ती को अतिशुभ मुहूर्त मानते हुए इसी दिन मांगलिक कार्यक्रम आयोजित करने की मंशा रखते हैं। अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में पड़ने वाले इस पर्व को लेकर लोगों में उत्साह एवं व्यस्तता का आलम बना हुआ है।










## खबर संक्षेप



### जनपद अध्यक्ष पहुंचे ग्रामसभा में

**छुरिया।** ग्राम पंचायत कन्हारपुरी में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सचिव रामटेके ने प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 का वाचन किया। इस दौरान पहुंचे जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा का सरपंच रामगुलाल कोर्राम ने गुलाल लगाकर स्वागत किया। श्री सिन्हा ने ग्रामीणों को महतारी वंदन योजना, नया राशन कार्ड बनवाने, नाम जुड़वाने के संबंध में जानकारी दी। कुछ व्यक्तियों के राशन नहीं मिलने देने पर तुरंत समाधान किया। श्री सिन्हा ने ग्रामीणों को पानी बचाने की शपथ दिलाया। इस अवसर पर मंडल भाजपा अध्यक्ष कांताप्रसाद साहू, राजेश्वर ध्रुवे, नैनसिंह पटेल सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### देवांशी साहू कक्षा में प्रथम

**डोंगरगांव।** स्थानीय भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में गत दिनों वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। देवांशी साहू ने पीपी 2 में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गीताली साहू 98 फीसदी अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। प्राचार्य एवं शाला परिवार ने बच्चों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### राशन लेने ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी



**मुढ़ीपार।** मुढ़ीपार के ग्रामीणों को ग्राम मे संचालित उचित मूल्य दुकान से राशन लेने में बीते छः माह से परेशानी हो रही है। ग्रामीण राशन के लिए सारे काम काज को छोड़कर लाइन मे लगे रहते है। दिनभर मशक्कत करने के बाद भी उन्हे राशन नहीं मिल पाता और मायूस होकर घर लौटना पड़ जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि दिनभर लाइन मे खड़े होने के बाद भी उन्हे राशन नहीं मिलता वही प्रभावशाली लोगों को तुरंत राशन दे दिया जाता है। यह प्रतिनिधि जब राशन दुकान पहुंचा तब कुछ ही ग्रामीण मौजूद थे। बाकी ग्रामीण परेशान होकर घर चले गए थे। उचित मूल्य की दुकान में सूचना बोर्ड भी नही लगाया गया है।

## गांव पहुंचकर प्रशासन ने समझाया परिजनों को

# लग चुकी थी हल्दी, आने वाली थी बारात, प्रशासन ने रोका बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

चकनार में एक नाबालिग बालिका के ब्याह की सभी तैयारियां पूरी हो गई थी। बारात के पहुंचने के पहले प्रशासन ने बालिका की उम्र कम होने के कारण ब्याह को रोक दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने नाबालिग के विवाह होने की जानकारी मिलने पर त्वरित पहल करते हुए मौके पर पहुंचकर रस्मों को रुकवा दिया, जिससे एक मासूम बच्ची का भविष्य अंधकार में जाने से बच गया।

जानकारी के अनुसार बाल विवाह रोकथाम टास्क फोर्स को एसडीएम रेणुका रात्रे से उक्ताशय की जानकारी मिली। जिस पर महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी ने तत्काल जांच करवाया। सेक्टर पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से की गई जांच में पाया गया कि बालिका की उम्र 17 वर्ष 6 माह है। जांच टीम को मौके पर विवाह का कार्ड भी मिला, जिस पर विवाह की तिथि 26 अप्रैल अंकित थी।

## बाल विवाह होने की जानकारी देने की अपील



### रोका गया विवाह

एसडीएम रेणुका रात्रे ने बताया कि गंडई पुलिस से चकनार में बाल विवाह होने की जानकारी मिली थी। संबंधित विभाग के माध्यम से बाल विवाह को रोका गया। बाल विवाह एक बुराई है जिसका विरोध करना होगा।

### बाल विवाह की दें सूचना

इस मौके पर टीम ने सभी वर्गों से कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र या पुलिस थाने में इसकी जानकारी दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

### लग चुकी थी हल्दी

पता चला है कि बारात भी कुछ ही घंटों में पहुंचने वाली थी। बालिका के घर में हल्दी की रस्म पूरी हो चुकी थी। परियोजना अधिकारी जांच में बालिका के नाबालिग होने की पुष्टि होने के बाद बिना देर किए सेक्टर पर्यवेक्षक एवं पुलिस टीम को रवाना किया। टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालिका के परिजनों को समझाया कि 18 वर्ष से कम उम्र में विवाह करना कानूनन अपराध है। ऐसा करने पर एक लाख का जुर्माना और दो वर्ष तक की जेल हो सकती है। जिस युवक से विवाह तय हुआ था उसे भी स्पष्ट चेतावनी दी गई कि बाल विवाह होता है, तो उसके खिलाफ यौन अपराध सहित बाल संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पीआईसी की पहली बैठक में कई फैसले

## कार्यालय के उपर बनेगा प्रथम तल



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

- फिजुलखर्ची बंद करने का निर्देश, कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

नगर सरकार की प्रेसीडेंट इन कौसिंल की पहली बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय सत्र 2025- 26 का बजट 7 मई को प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर विकास के कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। नागरिकों को राहत देने नया कर निर्धारण नहीं करने का निर्णय लिया गया।

जानकारी के अनुसार पीआईसी की पहली अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डेढ घंटे चली बैठक में गाईड लाईन के अनुसार जल, प्रकाश, स्वच्छता, लोक निर्माण, टैंट, शामियाना, स्टेशनरी सहित अन्य जरूरी सामाग्रियों की वार्षिक खरीदी के लिए न्यूनतम दर को मंजूरी दी गई। बैठक में बजट पर भी विचार हुआ। एसटीपी के लिए चयनित स्थल को मंजूरी दी गई। अध्यक्ष मानिकपुरी ने स्वच्छता अभियान के लिए आने वाले दो माह तक जागरूकता अभियान चलाने की बात रखी। अभियान के बाद स्वच्छता को लेकर किसी तरह का जुर्माना लगाने की बात कही। बैठक में सीएमओ विजय पांडेय, उपयंत्री हरीशंकर वर्मा, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, सभापति ईश्वरी ध्रुवे, विनोद डेहरिया, किशुन पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

### बकाया भुगतान का निर्देश

पीआईसी की बैठक में अध्यक्ष मानिकपुरी ने पूर्व पार्षदों द्वारा पार्षद निधि से मंगाए गए कम्प्यूटर, कुर्सी टेबल, वाटर फ्रीजर, डस्टबीन, आलमारियों का भुगतान चालू माह में करने के निर्देश दिया। अध्यक्ष मानिकपुरी ने कहा कि उनके कार्यकाल में फिजूल खर्ची व औचित्यहीन कार्यों में राशि का दुरूपयोग नहीं होने देंगे। बैठक में सीएमओ एवं उपयंत्री कक्ष में प्रसाधन निर्माण की मंजूरी के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया। अधिकारी कर्मचारियो के बैठने एवं काम करने में हो रही असुविधा एवं जगह की कमी को देखते हुए कार्यालय में प्रथम तल के निर्माण के शासन को प्रस्ताव भेजना तय किया गया।

# जंगल से रेत की अवैध निकासी

- वन विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क चिरचारी



बोरतलाव रेंज अंतर्गत आने वाले फतेगंज सर्किल के जंगल से रेत का अवैध खनन और परिवहन किया जा रहा है। लगातार खनन होने के बाद भी वन विभाग का अमल अंकुश लगाने की दिशा में पहल नहीं कर रहा है। आशंका व्यक्त किया जा रहा है कि रेत का पूरा खेल विभागीय मिलीभगत से चल रहा है।

जानकारी के अनुसार जंगल से काफी लंबे समय से रेत का खनन और परिवहन किया जा रहा है। अब तक लाखों रूपए की रेत खनिज माफिया द्वारा पार किया जा चुका है। ग्रामीणों के अनुसार जंगल की रेत को 5 से 6 हजार ट्रिप की दर से बेचा जा रहा है। रेत के कारोबार से जुड़े एक व्यक्ति ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि वन विभाग की सहमति लेकर रेत की ढुलाई किया जा रहा है। प्रति ट्रिप 1000 रूपए कमीशन के तौर पर वन विभाग के एक अधिकारी को दिया जाता है। फत्तेगंज सर्किल पहले से रेत के उत्खनन और परिवहन के लिए सुर्खियों में रहा है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर खनिज माफिया और विभाग के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## लोगों ने सुनी मन की बात



**सड़क अतरिया।** मन की बात कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम जनता को संबोधित किया। क्षेत्र के ग्राम पंडरिया, अतरिया, चकनार, कुकुरमुडा सहित अन्य गांव में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने उनकी बातें सुना। देश के विकास, सुरक्षा सहित अन्य विषय पर मोदी ने लोगों को संबोधित किया।

## मासूम के गले से निकाला सिक्का

**डोंगरगांव।** स्थानीय विद्याभूषण ठाकुर मेमोरियल हॉस्पिटल में 26 अप्रैल को चार साल के बच्चे के गले से सिक्का निकाला गया। जानकारी के अनुसार खुज्जी के चार वर्षीय बच्चे ने पांच रूपए के सिक्के का निगल लिया था। गले में दर्द उठने के बाद उसकी मां उसे लेकर विद्याभूषण ठाकुर हास्पिटल पहुंची थी। डॉ. प्रियांक विद्याभूषण ठाकुर ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत जांच और इलाज का प्रबंध कराया। बच्चे को जनरल एनेस्थीसिया देकर लेरेंगोस्कोपी द्वारा सी-आर्म मशीन से देखते हुए लांग मेगीलस फोर्सेप की मदद से पांच रूपए के सिक्के को सुरक्षित और सफलतापूर्वक निकाला गया। बच्चा अब पूर्णतः स्वस्थ और सुरक्षित है।



## मानव एकता दिवस पर रक्तदान शिविर

**राजनांदगांव।** संत निरंकारी सत्संग भवन लालबाग राजनांदगांव में 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के अवसर पर निरंकारी मिशन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उदघाटन प्रथम रक्तदाता जितेन्द्र बजाज अनुपम नगर द्वारा किया गया। संत निरंकारी मंडल सेवा दल सदस्यों द्वारा एवं साध-संगत तथा समाज के युवाओं द्वारा 91 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसे जिला चिकित्सालय राजनांदगांव को भेजा गया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी ने दी।

# स्थानीय परीक्षा के नजीते घोषित, छात्र खुश

- भारतीय पब्लिक स्कूल में घोषित हुए स्थानीय परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में स्थानीय परीक्षाओं के नतीजे रविवार को पालकों की उपस्थिति में घोषित किया गया। इस दौरान सुनील पाण्डेय, गजेन्द्र सिंह राजपूत, यतेन्द्र देवांगन, प्रतिमा साहू, पितांबर कंवर एवं उमाशंकर वर्मा आदि मौजूद थे। सरस्वती वंदना और स्वागत के बाद परीक्षा परिणामों की घोषणा प्राचार्य ने की।

जानकारी के अनुसार कक्षा नर्सरी में प्रथम ऐश्वर्य साहू, द्वितीय विवेक यादव, तृतीय जान्हवी साहू, कक्षा पीपी वन में प्रथम खुशी साहू, द्वितीय वेदांत मारकण्डे, पेयंक कुमार पटेल, तृतीय पूर्वी ठाकरे, पीपी टू अ में प्रथम देवांशी साहू, जीविका मंडावी, द्वितीय गिताली, तृतीय श्रृष्टि साहू, पीपी टू ब में प्रथम सूर्यांशु कंवर, दिव्यांशी यदु, द्वितीय भाविका देवांगन, तृतीय देवेश भुआर्य रहे। कक्षा पहली अ में प्रथम लवसिंह राजपूत, द्वितीय निशिता साहू, तृतीय दीपिका निर्मलकर, पहली ब में प्रथम पार्थ खरे, द्वितीय भुपेश सिन्हा, तृतीय हेमांशु पटेल, कक्षा दूसरी में प्रथम अनुष्का पटेल, आर्यन, छवि वैष्णव, द्वितीय सिद्धि पटेल, तनिशा, वेदिका साहू, तृतीय चेतिका, जीत पटेल, कक्षा तीसरी में प्रथम विवेक विश्वकर्मा, द्वितीय पूर्वी भुआर्य, तृतीय यंश भुआर्य, प्रियांषी वर्मा, ओजस्व सिंह, आदित्यराज, कक्षा चौथी अ में प्रथम मिताली साहू, द्वितीय चैतन्य कुमार, तृतीय गुलशन साहू, हरीश सिन्हा, चौथी ब में प्रथम याचिका विश्वकर्मा, द्वितीय लीना पटेल, तृतीय सौरभ पटेल रहे।

इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक की कक्षा छठवीं अ)में प्रथम अर्चना विश्वकर्मा, द्वितीय तमन्ना सोनकर, यषु, तृतीय राधिका सिन्हा, छठवीं ब में प्रथम प्रियंका चंद्रवंशी, द्वितीय अदिती साहू, तृतीय चिरंजीव भुआर्य, सातवीं अ में प्रथम झरना साहू, द्वितीय वंदना वर्मा, तृतीय कुसुम, सातवीं ब में प्रथम केशव कुमार, द्वितीय इशिका राजपूत, तृतीय श्राइनी रही।

### वीणा रही सबसे आगे

हायर सेकेंडरी की कक्षा नौवीं में प्रथम गीतांजली देवांगन, द्वितीय खुशबू साहू, पूजा पटेल, तृतीय दुर्गा रही। कक्षा ग्यारहवीं में तीनों संकाय का संयुक्त परिणाम घोषित किया गया जिसमें प्रथम वीणा साहू, द्वितीय ज्योति, सिमरन नेताम तृतीय स्नेहा राजपूत रही। सभी छात्र-छात्राओं को शैलजा पाण्डेय, संतोष सागर शर्मा, गौरीबाई झाड़े, संतोष वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, बीरेन्द्र बोरकर, राजेन्द्र कुंवर, बिरेन्द्र राजपूत, पीएल बया, दामिनी यद्व, देवेन्द्र साहू, लूनकरण यादव, गौरव देवांगन, संजय, रेणुका साहू, अनुराधा सोनटेके, जमुना साहू, कोमल सेन, गुरूविंदर, कांता सेन, रश्मि देवांगन, लक्ष्मी राजपूत, उषा साहू, दुबीलता ठाकुर, नरोत्तम साहू, श्रुति, वीणा साहू, संजू उइके, आकांक्षा ने बधाई दी है।

## बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग

# बजरंगियों ने किया आतंकवाद का पुतला दहन, पाकिस्तान का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



धर्मनगरी में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं सर्व हिंदू समाज के तत्वाधान में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की निर्मम हत्या, लूट, अत्याचार और हिंसा के विरोध में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रतीकात्मक शवयात्रा रैली निकल कर विरोध जताया। बजरंगियों ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर पर्यटको को मौत के घाट उतारे जाने के विरोध में आतंकवाद का पुतला दहन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में राजनीतिक, समाजिक, धार्मिक संगठन के लोग शामिल हुए।

बजरंग दल ने पश्चिम बंगाल में जारी हिंसा को देखते हुए सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है। इस मौके पर बजरंग दल जिला सह संयोजक हनी गुप्ता ने कहा कि हिंसात्मक घटना क्रम का एनआईए जांच हो और जो भी अपराधी हो उसे सजा मिलनी चाहिए। विहिप अध्यक्ष बालमुकंद तराने ने कहा पहलगाम की घटना को देखते आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। इस मौके पर बजरंग दल नगर संयोजक ऋषभ डाकहा ने भी संबोधित किया। विहिप और बजरंग दल ने बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने, हिंसा की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी से कराने, केंद्रीय सुरक्षा बलों की पदस्थापना करने, बांग्ला देशी और रोहिंग्यो घुसपैठियों को बाहर निकालने की मांग की है।

इस दौरान द्वारका शर्मा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, जिज्ञाशू टांक, मुकुंद मोहन साहू, रमना मूर्ति, हेमंत साहू, मोहन साहू, जितेंद्र ठाकुर, विशाल सुराना, मानिक बोस, केशव साहू, दीपम बघेल, विमल अग्रवाल, भूपेंद्र ताम्रकर, भाजपा के अमित जैन, कैलाश सोनवानी, अनिल पांडे, प्रेमा सिसोदिया, सत्यप्रकाश मिश्रा, राजू ठाकुर, जैन कुमार मेश्राम, गंगाधर साहू, सुजीत पाठक, सुमित मिश्रा, जयंत साहू, शुभम परिहर, श्याम तिवारी, सुमित ताम्रकर, ज्योति बड़वाईक, अचलासिंह ठाकुर, वैशाली देशकर, ज्योति गौतेल, पूजा बघेल, विनीत यादव, रितेश सक्सेना, सुनील तिवारी, निखिल जैन, अमित करोड़े, दीपेश जैन, हिमांशु गुप्ता, आलोक प्रताप सिंह, निशांत शर्मा, अमन नामदेव, अविनाश शर्मा, शुभम नामदेव, राहुल नामदेव, भावेश गभने, अमनसिंह ठाकुर, विलाश गभने, गौरव अग्रवाल, सौरभ राठौर, कुश मालेकर, रवि उपाध्याय, पुष्प तराने, वरुण अग्रवाल, जय टम्टा, हेमंत सिन्हा, युवराज साहू, दुर्गेश सिन्हा, जय साहू, गणेश साहू, संस्कार पटेल, भावेश निर्मलकर, अरविंद नेताम, आकाश मरकाम, रोशन टेकाशी, अमित कुंजाम, विष्णु नेताम, चांद महानंद, हेमंत मंडावी, हेमंत यादव, गोपाल वर्मा, संजय जंघेल, प्रवीण मलगान, राजवीर कोचे, शुभम महाराज, लक्ष्मीनारायण पांडे आदि मौजूद थे।

# ऑनलाइन जुआ की गिरफ्त में फंसकर बर्बाद हो रहे युवा

**सड़क अतरिया।** इंटरनेट की बढ़ते चलन से लोगों की जीवन शैली प्रभावित हो रही है। कुछ इसका उपयोग कर मुसीबत मोल ले रहे है। पुलिस जुआ सट्टा पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है वही दूसरी ओर लोग आनलाईन जुआ की गिरफ्त में आ रहे हैं। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के युवा आनलाईन बावन पत्ती, लूडो, क्रिकेट जैसे अन्य खेल में पैसा लगाकर लाखों डुबा चुके हैं। आनलाईन जुआ की चपेट में नाबालिक भी आने लगे है। छात्र भी आनलाईन जुआ में पैसा लगाकर लाखों हार चुके हैं।

गौरतलब है कि आनलाईन जुआ सट्टा का लुभावना विज्ञापन विभिन्न चैनलों और मोबाईल में दिखाया जाता है जिससे लोग आकर्षित होकर राशि दांव पर लगा देते हैं। बीते दिनों पुलिस ने मुहिम चलाकर आनलाईन धोखाधड़ी से बचने का उपाय सुझाया था।

### भ्रामक विज्ञापन पर लगे रोक

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगभग पचास फीसदी लोग आनलाईन जुआ के चक्रव्यूह में फंस चुके हैं जिसका बड़ा कारण लुभावना विज्ञापन और कम समय में अधिक कमाने की लालच है। इस तरह के विज्ञापनों पर रोक लगाना चाहिए। मोबाईल के माध्यम से नाबालिक और युवा कब जुआ के जाल में फंस जाता है इसका पता नहीं चल पाता और वह कर्ज में डूब जाते हैं।

## कांग्रेस ने व्यक्त किया संवेदना



**घुमका।** नगर के गांधी चौक में कांग्रेसियों ने मोमबत्ती जलाकर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमला में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ने घटना को कायराना बताते हुए सुरक्षा के ऐसे इंतजाम करने का आग्रह किया ताकि इस प्रकार की घटना दोबारा ना हो। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित राजपूत, पीयूष दुबे, नवीन लूनिया, चंद्रशेखर वर्मा, चंद्रेश वर्मा, राकेश वर्मा, महेश वर्मा, नेमदास साहू, संदीप वर्मा, रवि वर्मा, प्रहलाद यादव, मंथिर साहू, सौरभ वैष्णव, राकेश, दामोदर वर्मा, हिंसाराम वर्मा, अशोक दुबे आदि मौजूद थे।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रशांत चौरे को मिली पीएचडी



**मुढ़ीपार।** ग्राम पंचायत देवरी निवासी प्रशांत कुमार चौरे पिता सुंदरलाल चौरे ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के इतिहास विभाग से पीएचडी की उपाधि हासिल की है। उन्होंने अपना शोध इतिहास संस्कृति और पुरातत्व विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मंगलानंद झा के निर्देशन में पूर्ण किया। उनके शोध का विषय दुर्ग संभाग अंतर्गत आने वाले पुराने स्मारक थे। डॉ चौरे ने शोध कार्य की सफलता का श्रेय परिवार, समाज तथा विश्वविद्यालय के शिक्षकों को दिया है। पिछले वर्ष उन्हें पांडादाह में निशुल्क शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र संचालित करने पर दलित साहित्य अकादमी दिल्ली ने मौलाना आजाद शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया था।

### सम्मान समारोह आज

**पटेवा।** सलोनी जोन अंतर्गत सेवानिवृत प्राचार्य, प्रधानपाठक एवं शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 28 अप्रैल को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदराकुही में किया गया। कार्यक्रम में 18 सेवानिवृत्तों का सम्मान किया जाएगा। मुख्य अतिथि बीईओ नीलमसिंह राजपूत होंगी। अध्यक्षता संकुल प्राचार्य शिवलाल साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में खेमराज जैन, सुजीतसिंह चौहान,

## बगैर जन सहमति से छेड़छाड़ करने से लोगों का फूटा गुस्सा

# मीराबाई चौक का मामला बना जन आंदोलन, नगरवासी आ रहे सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

शहर में मीराबाई चौक को लेकर न्यायालय परिसर जगी अलख ने देखते ही देखते जन आंदोलन का रूप ले लिया। संगीत नगरी की पहचान, आस्था और आत्मसम्मान के प्रतीक माने जाने वाले चौक पर बगैर जनसहमति की छेड़छाड़ से आक्रोशित नगरवासी अब खुलकर सामने आ रहे हैं।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुमित जैन, युवा नेता भूपेंद्र वर्मा और सूरज देवांगन के नेतृत्व में जारी हस्ताक्षर अभियान को विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन और नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन का भी सक्रिय समर्थन मिला। अभियान की शुरूआत अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाकांत पांडेय, सुनीलकांत पांडेय, उपाध्यक्ष गिरिराज सिंह समेत दर्जनों वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा हस्ताक्षर कर किया गया। अभियान की गति ऐसी रही कि देखते ही देखते यह न्यायालय परिसर से निकलकर मीराबाई चौक, नया बस स्टैंड, जयस्तंभ चौक, राजीव चौक और गोलबाजार तक फैल गया। आम नागरिकों, व्यापारियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक सुर में अपनी सहभागिता जताई। इस जनभागीदारी ने साबित कर दिया कि यह केवल चौक का मामला नहीं, बल्कि नगर की आत्मा का सवाल है।



### सौंपा जाएगा ज्ञापन

हस्ताक्षर अभियान में आम लोगों की सक्रिय सहभागिता से अभियान जनसैलाब में तब्दील होता दिख रहा है। 28 अप्रैल को कलेक्टर सहित थाना प्रभारी को सौंपकर नगर पालिका के अधिकारी के विरुद्ध शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने को लेकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की जाएगी। ज्ञापन में जन भावनाओं और पर्यावरण की चिंता को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाएगा। इस दौरान डॉ. अरुण भारद्वाज, रविन्द्र सिंह गहरवार, भरत चंद्राकर, पूरन सारथी, मनोज बैद, पार्षद दिलीप लहरे, महेश यादव, उमेश साहू, सूर्यकान्त यादव, रामगोपाल वर्मा, शेखरदास वैष्णव, चंद्रशेखर वर्मा, रामकुमार जांगड़े, अजय देवांगन सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बिना प्रस्ताव, बिना सहमति किया तोड़-फोड़

जनता ने स्पष्ट आरोप लगाया है कि नगर पालिका परिषद और मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बिना किसी प्रस्ताव और जनसहमति मीराबाई चौक पर तोड़फोड की गई, जो सीधे तौर पर नगरवासियों की भावनाओं और संस्कृति पर हमला है। लोगों का कहना है कि यह चौक केवल एक चौराहा नहीं, बल्कि धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है। उनकी मांग है कि चौक पर पूर्ववत मीराबाई की प्रतिमा को उसी स्थान पर पुनः स्थापित किया जाए। यह श्रद्धा का प्रतीक ही नहीं, बल्कि शहर की पहचान भी है। इसके अलावा लोगों में चौक के आसपास लगे पुराने और विशालकाय पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने भी झकझोर दिया है। बीते कई सालों से गर्मी, ठंड और बारिश की परवाह किए बिना सुघ्घर खैरागढ़ की परिकल्पना को साकार रूप देने पौधरोपण के साथ उसके संरक्षण व संवर्धन की दिशा में काम कर रहे निर्मल त्रिवेणी अभियान ने इसका कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह पेड़ न केवल गर्मी से राहत देते थे, बल्कि सौंदर्य और हरियाली का केंद्र भी थे, जब तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पार कर गया हो। ऐसे में छांव देने वाले पेड़ों को काटना लोगों की पीड़ा को और बढ़ा रहा है।

# विरोध में कांग्रेस ने किया आतंकवाद का पुतला दहन



- पहलगाम में हुए आतंकी घटना का जमकर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 28 बेगुनाहों को गोली मारकर हत्या के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आतंकवादियों एवं पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के मुंह पर कालिख पोतकर, पाकिस्तानी झंडा को लात मारते हुए आतंकवाद व पाकिस्तान का पुतला दहन किया।

कांग्रेस नेताओं ने मशाल रैली निकालकर नगर भ्रमण करते हुए जय स्तंभ चौक पर एकत्रित हुए। पुतला दहन कर घंटे भर तक नारेबाजी किया। मशाल रैली में राजा गिरिराज किशोर दास, रामकुमार पटेल, कोमल साहू, सज्जाक खान, संजय महोबिया, आरती महोबिया, गुलशन तिवारी, मनीष कोचर, शैव्या वैष्णव, संजू नेताम, अमित महोबिया, विनोद तिवारी, अशोक जंघेल, प्रकाश महोबिया, आशु खान, हेमंत वैष्णव, इशू दुबे, नजारुद्दीन खान, रिंकू महोबिया, कामदेव जंघेल, संतोष यदु आदि शामिल हुए।

इस मौके पर कांग्रेसियों ने कहा कि जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश है जहां सुरक्षा का जिम्मा गृह मंत्रालय के अधीन होता है फिर भी हथियारबंद आतंकवादी पर्यटकों की हत्या कर बच निकले जो सुरक्षा की बड़ी चूक है।

### पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत सुपोषण सह प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत सुपोषण बैठक सह प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस का आयोजन किया गया। बैठक सह प्रशिक्षण में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ राज्य कार्यालय, रायपुर, एनआरएलएम जिला पंचायत के अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक सह प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी पर्यवेक्षकों तथा एनआरएलएम के सामुदायिक संवर्गों को ग्रामीण महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य, खानपान तथा पोषण संबंधी विस्तारपूर्वक महत्वपूर्ण जानकारी तथा जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा तैयार किए गए पोषण मार्गदर्शिका पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुढ़ीपार

ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में गुरुवार को अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ हुआ। अब पंचायत के लोगों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होगी। इस केन्द्र के शुरू होने से ग्रामीणों को विभिन्न कार्य के लिए अब ब्लॉक एवं जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। यहां नागरिक सुविधाओं से संबंधित सेवाएं, वित्तीय सेवाएं ,सीएससी की सेवाएं ऑनलाइन होंगी। अटल डिजिटल सेवा केंद्र के माध्यम से लोग जन्म -मृत्यु प्रमाण पत्र, आय, निवास जाति प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, राजस्व सेवा के लिए आवेदन कर सकेंगे। यहां नगद आहरण, राशि ट्रांसफर, बीमा, कृषि, पेंशन, पैन कार्ड संबंधित काम भी होंगे। सीएससी सेवा के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं का पंजीयन भी होगा। बिजली बिल भुगतान, रेल टिकट बुकिंग आदि भी गांव से हो सकेगा।



### वन अधिकार पट्टा वितरण

कार्यक्रम में वन अधिकार पट्टा का वितरण किया गया। आजीविका मिशन के तहत महिला समूह को चेक प्रदान किया गया। वर्तमान जल संकट को देखते हुए जल संरक्षण की शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर इन्द्रपाल सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, डिप्टी डायरेक्टर पंचायत मोहित ध्रुव, जिपं सभापति अरुणा बनाफर, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, जनपद सीईओ नारायण बंजारा, पुरषोत्तम साहू, श्री त्रिपाठी, कुमेश साहू, नरोत्तम सिन्हा, भागवत साहू, उत्तम पटेल आदि मौजूद थे।

### कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज के कम्प्यूटर विभाग द्वारा गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत डिजिटल स्किल डेवलपमेंट विषय पर व्याख्यान आयोजन



कम्प्यूटर विभाग के सहा. प्राध्यापकगण सुधीर मिश्रा एवं सुमन साहू द्वारा किया गया। प्रथम दिन दैनिक जीवन में उपयोगी डिजिटल सुविधाओं के बारे में बताया कि किस प्रकार हम अपने दैनिक उपयोगी कार्यों में डिजिटल सुविधाओं का सहायता ले सकते हैं। जैसे आयुष्मान कार्ड, आधार अपडेट करना, बैंक खतों के संबंध में जानकारी आदि। द्वितीय दिन सोशल मीडिया एवं मार्केटिंग विषय पर जानकारी दी गई कि किस प्रकार व्यवसाय में हम डिजिटल सुविधाओं को अपना सकते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के गैरशिक्षक कर्मचारीगण उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि समयानुसार प्रत्येक व्यक्ति को डिजिटल सुविधाओं से अवगत होना एवं उन्हें अपने दैनिक जीवन में उपयोग में लाना अनिवार्य है। जिससे व्यक्ति डिजिटल भारत की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके।

# पुरानी योजनाएं चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट, नई पर संदेह बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



- बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण के नाम पर 16 करोड़ के भ्रष्टाचार का हो निष्पक्ष जांच

नगर निगम क्षेत्र में भाजपा शासनकाल में योजनाओं के नाम पर अनेक भ्रष्टाचार हुए हैं। अब पुनः भाजपा की सरकार है। विकास व निर्माण के नाम पर पुनः नई योजनाएं लाई जा रही है। नई योजनाओं का स्वागत करते शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने कहा कि पुरानी योजनाओं में जैसे बूढ़ासागर की योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी। वैसे ही नई योजनाएं भी भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़ जाए। इस बात को लेकर संदेह हो रहा है। 16 करोड़ की बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण योजना की जांच वर्षों बाद भी नहीं हुई है, यह शासन-प्रशासन में भ्रष्टाचार की जड़ें मजबूत होने को प्रदर्शित करती है।

श्री कन्नौजे ने जारी बयान में कहा कि शहर में 16 करोड़ की बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण का मुद्दा राजनीति और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने के बावजूद जस का तस पड़ा है। वार्डों में नाली निर्माण, करोड़ों की सड़क निर्माण आदि में भी भ्रष्टाचार की बू आ रही है। सड़कों के निर्माण में भ्रष्टाचार का पता पहले ही बरसात में चल जाएगा, क्योंकि सड़कों के निर्माण के बाद एक भी बार जमकर बारिश नहीं हुई है। नालियों के निर्माण में पैसा बचाओ अभियान खूब चला है। पहले भी बनी कई नालियां समुचित ढलानयुक्त नहीं होने के कारण गंदा पानी ठहर जाता है। जिससे बदबू और मच्छर पनपते हैं। नगर निगम में इतने सारे इंजीनियर होते हुए भी तकनीकी गड़बड़ियां होना बड़े-बड़े सवाल पैदा करता है।

श्री कन्नौजे ने कहा कि म्युनिसिपल स्कूल में लाल घास का भी मुद्दा उठाया। जिसमें भी जनता का पैसा भ्रष्टाचार के चलते बर्बाद हो गया। वहां से हरियाली ही गायब हो गई है, तार फेंसिंग भी टूट गई है, उद्यान विभाग द्वारा कराया गया यह काम अनेक सवाल खड़े कर रहा है। उद्यान विभाग और नगर निगम के अधिकारियों में आपसी तालमेल का आभाव होने से यह उद्यान जल्द ही उजड़ गया और रखरखाव नहीं हो पा रहा है। इससे खिलाड़ियों की तकलीफ बढ़ गई है।

# नांदगांव शिक्षा मंडल के सुरेश एच लाल बने अध्यक्ष

- शिक्षा मंडल के साधारण सभा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



नांदगांव शिक्षा मंडल के साधारण सभा की बैठक 27 अप्रैल को वर्तमान अध्यक्ष नंदकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष ने सत्र 2021-2024 तक के अंकेक्षित लेखा प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त किया। तत्पश्चात सचिव सुरेश एच. लाल द्वारा सचिविय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। सचिविय प्रतिवेदन के पश्चात शिक्षा मंडल के विधान में संशोधन का प्रस्ताव रखा गया।

संशोधन के अंतर्गत नांदगांव शिक्षा मंडल के अंतर्गत स्किल पाठ्यक्रम एवं नर्सिंग महाविद्यालय खोलने तथा विधि महाविद्यालय में स्नातक विधि की सीट वृद्धि एवं एलएलएम की कक्षाएं खोलने का प्रस्ताव सर्वसम्मत अनुमोदित किया गया। अध्यक्ष नंदकुमार अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं निरंतर सक्रिय बने रहने का आह्वान किया। बैठक में श्रीकिशन खंडेलवाल ने अध्यक्ष पद के लिए भी सुरेश एच. लाल का नाम प्रस्तावित किया। सर्वसम्मत से सभी सदस्यों ने अनुमोदन कर अध्यक्ष पद के लिए सुरेश एच.लाल को निर्वाचित घोषित किया गया। सचिव पद के लिए अशोक चौधरी ने भी अनिल के नाम का प्रस्ताव रखा। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से उन्हें सचिव निर्वाचित घोषित किया। सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित कर उनका सम्मान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री लाल ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में सभी का धन्यवाद किया एवं सभी के सहयोग से शिक्षा मंडल को नए आयाम तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के अंतर्गत सभी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी। अंत में सदस्यों द्वारा पहलगाम काशमीर में हुई घटना पर मृतकों को श्रद्धाजंलि अर्पित की एवं शोक प्रस्ताव द्वारा जिला जज दुर्ग एवं महाविद्यालय की पूर्व छात्रा मीनाक्षी गोंडाले तथा संस्था के सदस्य भी विक्की शुक्ला की माता श्रीमती विमलेश शुक्ला के प्रति भी श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भी श्रीकिशन खंडेवाल, अशोक कोटड़िया, अशोक चौधरी, उमाकांत भारद्वाज, रईस अहमद शकील एवं किशोर बेलावाला, प्रशासक डॉ. आरएन सिंह आदि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन निर्वाचित सचिव अनिल ने किया।

### 20 जोड़ों का ब्याह आज, अरूण साव होंगे

**घुमका।** ग्राम में कल 29 अप्रैल को मां कर्मा जयंती मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव शिरकत करेंगे। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी विमला शर्मा ने बताया मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 20 जोड़े का विवाह होगा। सीएमओ नागेश्वर देवदास ने बताया कर्मा जयंती के अवसर पर एक करोड़ की लागत के विकास कार्य जैसे सीसी सड़क, हाईमास्क लाइट, पेयजल के लिए बोर खनन का भूमिपूजन किया जाएगा। साहू समाज के अध्यक्ष गुमान साहू ने बताया कि जयंती कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे शोभायात्रा निकाला जाएगा। सुबह 11 बजे ध्वजारोहण कर आरती किया जाएगा। एक बजे अतिथि उद्बोधन होगा और इसी दौरान नव दंपति को मुख्यमंत्री विवाह योजना के अंतर्गत सहायता राशि का चेक दिया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, भागवत साहू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, किरण बारले, भुवनेश्वर बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत, नोहेन्द्र सिन्हा, दिलीप पटेल, चंद्रेश वर्मा शामिल होंगे।

## घटयारी शिव मंदिर और देऊर मंदिर स्थल पहुंचकर लिया जायजा

# कलेक्टर ने पुरातत्व धरोहरों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जिले के पुरातात्विक धरोहरों का निरीक्षण कर संरक्षण कार्यों की समीक्षा बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कलेक्टर चंद्रवाल ने छुईखदान ब्लॉक के गंडई स्थित घटयारी शिव मंदिर और देऊर मंदिर स्थल पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने दोनों ही मंदिर से संबंधित मान्यताओं व इतिहास के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि पुरातत्व धरोहरों का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इसके संरक्षण एवं विकास को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही अधिकारियों को पर्यटन को बढ़ावा देने इन स्थलों का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान एडीएम सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, सहायक संचालक उद्यान रविन्द्र कुमार मेहरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### कलेक्टर पहुंचे पांडादाह अस्पताल, किया निरीक्षण

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने खैरागढ़ ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडादाह का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और इलाज के लिए पहुंचे मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। वहीं अस्पताल प्रबंधन से ओपीडी की संख्या, चिकित्सकों की उपलब्धता, जनरल वार्ड, नवजीवन कक्ष व कोल्ड चैन पॉइंट की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में स्वच्छता एवं व्यवस्था का भी जायजा लिया। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित चिकित्सक व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कृषि और उद्यानिकी की उन्नत खेती का किया निरीक्षण

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कृषि और उद्यानिकी के क्षेत्र में उन्नत खेती करने वाले किसानों के खेतों में पहुंचकर फसलों का निरीक्षण किया। उन्होंने छुईखदान ब्लॉक के कृतबांस और देवपुरा के किसानों से उन्नत खेती की विधियों और तकनीकों पर चर्चा की और उन्हें क्षेत्र में अपरंपरागत और कम पानी वाले फसलों को भी बढ़ावा देने कहा। साथ ही उन्होंने किसानों को प्रेरित किया कि वे अपने आसपास के अन्य किसानों को भी उन्नत खेती अपनाने, अपरंपरागत और कम पानी वाले फसलों को बढ़ावा देने प्रेरित करने कहा। कलेक्टर ने किसानों को बताया कि वे किस तरह से उन्नत तकनीकों और अपरंपरागत फसलों से वे अपनी आय बढ़ा सकते हैं और अधिक लाभ कमा सकते हैं। कृतबांस में मूंग व केला की खेती करने वाले किसान धनेश वर्मा ने बताया कि इस फसल से अच्छी-खासी आमदनी अर्जित हो रही है। शासकीय योजनाओं का भी बेहतर लाभ मिल रहा है। देवपुरा में पपीता और कद्दू की खेती करने वाले बलराम साहू ने बताया कि 3 हेक्टेयर में पपीते खेती कर रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत प्रथम वर्ष की सब्सिडी 67 हजार 500 मिल गई है। वहीं दिसंबर माह में योजना के तहत दूसरी किश्त प्राप्त हो जाएगी। कुंभकरण साहू ने बताया कि उसे 11 हजार 250 रुपए की प्रथम सब्सिडी प्राप्त हुई है। कलेक्टर ने किसानों से उत्पादन और बाजार को लेकर भी जानकारी ली। उन्होंने फसलों को बाजार में उचित मूल्य पर बेचने और उत्पादों की ब्रांडिंग करने का तरीका भी बताया।

# राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका निगार सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

लगातार 44 साल तक ब्लॉक के विभिन्न शालाओं में शैक्षणिक सेवा देने वाली राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका निगार अंजुम खान की सेवानिवृत्ति पर शाला परिवार ने कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी बिदाई दी।

भरदाकला हाईस्कूल में प्रभारी प्राचार्य के रूप मे कार्यरत निगार अंजुम खान का शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित कर उनकी शैक्षणिक सेवाओं को स्मरणीय पल बताते अतिथियों ने कहा कि पूरी शिद्दत से उन्होंने कार्यकाल के दौरान मिली जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। सहयोगी स्वभाव, अनुशासन और शिक्षा क्षेत्र में प्रतिबद्धता को लेकर नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणादायक सीख लेनी चाहिए।उन्होंने सेवानिवृत्ति उपरांत लोक कल्याणकारी सामाजिक कार्यों मे देने की बात करते कहा कि उनके ज्ञान व अनुभव से हर वर्ग का हित होगा।




इस दौरान विधायक यशोदा वर्मा, एसएनडीसी अध्यक्ष परमानंद साहू, सविता साहू, तामेश्वरी साहू, रघुनाथ साहू, कौशल कोसरे, चंद्रिका साहू, वीरेश्वर साहू, नरहरदेव सिंह, सुखचैन साहू, विनोद साहू, सरपंच शेख कुर्रे, शिवकुमार साहू सहित शाला स्टाफ की पायल मेश्राम, दानेश्वर भैसारे, ओमप्रकाश सोनी, संजय गहरवार, डॉ. दीपाली सिंह, प्ररेणा सिंह, जागृति सिंह, सुबोधकांत पांडेय, ज्योति केहरी, प्रियंका चौहान, शिवनी श्रीवास्तव, रामेश्वरी वर्मा, रघुनंदन मरावी, अश्विनी धुर्वे, कृतराम जंघेल, रामसिंह यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। समारोह का संचालन दूजराम साहू ने किया।

## सार समाचार

### धान सूखत की भरपाई सरकार करें

**राजनांदगांव।** जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ राजनांदगांव मोहला-मानपुर व खैरागढ़ संयुक्त जिला के पदाधिकारी आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन से राजनांदगांव में मुलाकात की। मुलाकात में मांग किए हैं कि छत्तीसगढ़ सरकार के धान खरीदी नीति के अनुसार नवंबर 24 से धन खरीदी किया गया है, जो आज अप्रैल 2025 तक उठाव नहीं हो पाया है। तेज गर्मी के कारण धान खुले आसमान के नीचे पड़े रहने से प्रति बोरी में दो से तीन किलो धान में वजन कम आ रही है। जिसके लिए जिला प्रशासन समिति प्रबंधक को दोषी ठहराकर नोटिस जारी कर रही है। जबकि छत्तीसगढ़ सरकार ने 28 फरवरी तक संपूर्ण धान उठाव का वादा किया था। आदेश जारी भी किया था। उसके पश्चात सूखत की भरपाई सरकार करेगी। ऐसा पत्र जारी कर गत आंदोलन में हमें आश्वस्त किया गया था और हमसे धान खरीदी करवाया गया। धान खरीदी संपन्न होने के बाद आज तक धान का उठाव नहीं हुआ है और वजन शॉर्टेस्ट की भरपाई हमसे करने की नोटिस जारी कर रहे हैं, जो सरकार का दोषपूर्ण निर्णय है। ज्ञापन देने के समय संयुक्त जिला अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष किशुन देवांगन, खैरागढ़ जिला अध्यक्ष यशवंत वर्मा, संरक्षक रूपनारायण हिरवानी, प्रकाश भैसारे, महामंत्री संतोष साहू, उपाध्यक्ष एवं तीनों जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### कन्या स्कूल जाने वाले मार्ग में मिला शव

**गंडई पंडरिया।** नगर के शासकीय कन्या स्कूल जाने वाले मार्ग में बने मणिकंचन केंद्र के बॉउंड्री के पास लोगों ने सुबह लगभग 5 और 6 बजे के बीच एक व्यक्ति को मृत अवस्था में देखा।घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। यह खबर नगर में फैली, तब जानकारों ने देखकर बताया कि मृतक चंदूमल उर्फ राजेन्द्र राजपूत 50 वर्ष निवासी गंडई है। मौके पर परिजन आए और 112 को इसकी सूचना दिया गया। शव को गंडई हास्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम किया और दोपहर में शव परिजनों को सौंप दिया गया। देर शाम को अंतिम संस्कार किया गया। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर ने बताया कि मृतक के अंग जांच के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर ही तय हो पाएगा कि मौत का पुख्ता क्या कारण था।

### नीरज पैरेंट्स प्राइड में समर क्लासेस आज से

**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग में इस वर्ष भी सभी स्कूलों के बच्चों के लिए समर क्लासेस 28 अप्रैल से आरंभ होकर 26 मई तक चलेगी। इस समर क्लासेस में बच्चों के लिए स्पोकेन इंग्लिश एंड ग्रामर, इंग्लिश एवं हिंदी रीडिंग एंड हेंड राइटिंग, ड्राईंग, डांस, क्रॉस फीट/जुम्बा, रिसनिंग, बेसिक नॉलेज ऑफ कंप्यूटरए कराते, संगीत की-बोर्ड सिंथेसाइजर, तबला, गिटार, सिंगिंग वोकल म्युजिंग आदि क्लासेस लिए जा रहे हैं। इन कक्षाओं के लिए सुबह 7 से 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 21 अप्रैल से ही शुरू किया गया है।
समर क्लास की इसी कड़ी में कक्षा नर्सरी से केजी-2 के बच्चों के लिए गर्मियों की छुट्टियों नन्हे-मुन्नों की दुनिया तीन से पांच साल तक के बच्चों के लिए के अंतर्गत आर्ट एंड क्राफ्ट, स्टोरी टेलिंग, टेबल मेनर्स, फन गैम्स, हैंड राइटिंग, म्युजिक एंड डांस इत्यादि कक्षाएं ली जाएगी। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने सभी पालकों से आग्रह किया है कि अपने बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का लाभ देने इन कक्षाओं में प्रवेश दिलाएं। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

## धामनसरा में मितान लोक महोत्सव का यादगार आयोजन

# तरूणा की पंडवानी, घेवर व भोला साहू की कॉमेडी को दर्शकों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में बीती रात समीपस्थ ग्राम धामनसरा में मितान लोक महोत्सव 2025 का यादगार आयोजन किया गया।

मितान महोत्सव की शुरूआत तुकाराम यादव के नेतृत्व में जय बजरंग रामधुनी मंडली धामनसरा के कलाकारों द्वारा झांकी के साथ प्रस्तुत संगीतमय रामधुनी से हुआ। छत्तीसगढ़ की उभरती पंडवानी गायिका तरूणा साहू ने पंडवानी गायन करते द्रौपदी चीरहरण का प्रसंग प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ के जस सम्राट कहे जाने वाले जस गायक दुकालू यादव ने अपनी लोकप्रियता के अनुरूप मोर गांव के शीतला दाई तोला बंदव ओ..., अंगारमोती मोर दाई..., झूपत-झूपत आबे दाई... जैसे सुप्रसिद्ध देवी जस गीतों को प्रस्तुत कर लोगों की जोरदार तालियां बटोरी। छत्तीसगढ़ की युवा लोक गायिका आरू साहू ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी सुआ गीत, गौरा गीत, राउत नाचा गीत प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ की समृद्धशाली लोककला और संस्कृति को मंच पर साकार किया ।



### दी श्रद्धांजलि

सुप्रसिद्ध गायक गायिकाओं द्वारा प्रस्तुत लोकगीतों पर लोक प्रयाग राजिम, संगी के मया गुंडरदेही और मोर मयारू संगी टेडेसरा के कलाकारों ने भावप्रणव नृत्य और अभिनय किया। पार्श्व संगीत उग्रसेन देवदास (गुड्डू) का था। कार्यक्रम का संचालन संजय मैथिल ने किया। कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

### प्रस्तुति ने मोहा दर्शकों का मन

छत्तीसगढ़ की स्वर कोकिला अलका परगनिहा चंद्राकर ने लोकप्रिय गीत ढोल बाजे रे..., तोर बोली मीठ लागे परेवना..., मीठ-मीठ लागे ओ..., तोर चेहरा आंखी मा झूलत रहिथे... और महादेव हिरवानी के साथ ददरिया डारी रे डारी... प्रस्तुत कर आयोजन को नई ऊंचाई प्रदान की। सुप्रसिद्ध गायक पं. विवेक शर्मा और कंचन जोशी ने का तै मतौना खवाये मोला ओ..., तोर बर रह जाहूं मैं जिंदगी भर कुंवारा...गीत गाकर दर्शकों का मन मोह लिया। विवेक शर्मा ने मोर दुर्गा दुलौरिन ओ तें पहुना बनके आबे और कंचन जोशी ने मोर बर ले दे न राजा... जैसे गीतों को प्रस्तुत कर अपनी लोकप्रियता सिद्ध की। लोक गायक राकेश सेन के गीतों और फिल्म कलाकार शिवा साहू के फिल्मी डायलॉग को भी लोगों ने सराहा । हास्य कलाकार घेवर यादव और भोला साहू ने स्टैंडअप कॉमेडी करते दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। अंतिम प्रस्तुति अमरज्योति नाच पार्टी मोहला ने दी। उन्होंने नाचा को मंच पर साकार किया।

## सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 23 अप्रैल को शाम करीबन 5 बजे अपने व्हाट्अप को देख रहा था, तभी झूलेकर कोंचिग के संचालक लेखराम झूलेकर द्वारा सोशल मीडिया में आपत्तिजनक भ्रामक बातें प्रचारित किया गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 197 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान थाना बसंतपुर टीम द्वारा आरोपी के सकुनत में दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर अभिरक्षा में न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया।

## लापता बालिका पुणे में मिली

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग घर से अचानक लापता थी। जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। खोजबीन के दौरान पुलिस ने नाबालिग बालिका को महाराष्ट्र पुणे से बरामद किया, जिसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा 4 दिसंबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिग लड़की उम्र 17 साल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा माता-पिता के विधिपूर्ण संरक्षण से बहला-फुलसाकर भगाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में गुम इंसान एवं धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### परिजनों को सौंपा

अपहृत बालिका की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर द्वारा अपहृता के पतासाजी हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को अपहृता के पुणे महाराष्ट्र में होने की सूचना प्राप्त होने उपरांत थाना प्रभारी एमन साहू घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारी को अवगत करते अपहृता के पतासाजी के संबंध में उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव के साथ टीम गठित कर रवाना किया। पुलिस की गठित टीम टीम द्वारा अपहृता को पुणे महाराष्ट्र से बरामद कर परिजनों को सुपुर्दनामे पर दिया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू, उपनिरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, आरक्षक आशीष मानिकपुरी एवं प्रवीण मेश्राम की सराहनीय भूमिका रही।









हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025







# आतंकवाद के खिलाफ सभी हुए एकजुट, शहर में निकली मौन रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की सेवाभावी उदयाचल संस्था के आह्वान पर आज सैकड़ों लोगों ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का विरोध करते आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन कर मौन रैली निकाली और आतंकवादियों के हमले में मारे गए लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

आतंकवाद के खिलाफ राजनांदगांव शहर आज शाम एकजुट नजर आया। यहां सभी धर्म, जाति, संस्था के लोगों ने मिलकर आतंकवाद के खत्मे की मांग करते पहलगाम में हुए पर्यटकों की हत्या की कड़ी निंदा की। मृतकों को श्रद्धांजलि देने और आतंकवाद के खिलाफ शहर की सेवाभावी संस्था उदयाचल परिसर से रैली की शुरूआत की गई। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंची, जहां पर सैकड़ों लोगों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



### आतंकवाद का विरोध

शहर के लोगों ने मौन रैली निकालकर एक हाथ में मोमबत्ती रखी और दूसरे हाथ में आतंकवादी विरोधी नारों की तख्ती रखकर आतंकवादियों के खात्मे की केंद्र सरकार से मांग की। इस रैली में महिलाओं की संख्या काफी अधिक रही।



### सभी संस्था के पदाधिकारी शामिल

उदयाचल परिसर से निकली रैली में शामिल होते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली, उदयाचल संस्था के अशोक मोदी, कांग्रेस के शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, मुस्लिम समाज के अध्यक्ष रईस अहमद शकील, व्यापारी संगठन के अध्यक्ष शरद अग्रवाल सहित अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान सभी ने पहलगाम में हुई घटना की कड़ी निंदा की।

## छुट्टियों के दिन भी गिनती के भक्त पहुंच रहे डोंगरगढ़, रूट के व्यापारी परेशान


# रोप-वे बंद: भक्तों के पास सीढ़ियां ही सहारा तपती धूप में अग्निपरीक्षा से पसरा सन्नाटा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर में बीते शुक्रवार को हुए हादसे के बाद रोप-वे का संचालन बंद कर दिया गया है। एक्सपर्ट इंजीनियरों के आने के बाद जांच उपरांत ही संचालन शुरू होने की बातें कही जा रही है। ऐसे में मां का दर्शन करने डोंगरगढ़ पहुंचने वाले भक्तों को अग्निपरीक्षा से होकर गुजरना पड़ रहा है। हीटवेव के इस दौर में जहां तापमान 40 डिग्री से अधिक पर रहा है। भक्तों को लगभग 11 सौ सीढ़ियों को चढ़कर ही मां के दर्शन मिल रहे हैं। यही कारण है कि आम दिनों के मुकाबले दर्शानार्थियों की संख्या में भी कमी देखने को मिली है।

ज्ञात हो कि इस मामले में जहां प्रशासन ने अपनी टीम बनाकर सात दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी है। वहीं डोंगरगढ़ थाना में भी रोप-वे संचालन समिति के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। जिसकी भी जांच चल रही है। उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को जब भाजपा नेता रोप-वे के जरिये मां के दर्शन कर वापस लौट रहे थे, उस दौरान ट्रॉली हादसे का शिकार हो गई थी। इस हादसे में भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा को गंभीर चोटें भी आई। उनके अलावा पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, दया सिंह सहित छह लोग सवार थे, जिन्हें हल्की चोंट आई थी। इस मामले के बाद ही प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट ने रोप-वे का संचालन बंद करवा दिया है। पिछले तीन दिनों से मंदिर दर्शन के लिए पहुंचने वाले भक्तों को पैदल ही जाना पड़ रहा है। जिसकी वजह से अब श्रद्धालुओं की घटती संख्या व्यापारियों के लिए भी चिंता का कारण बन गई है।

## रोप-वे की जांच व फिटनेस टेस्ट के बाद जारी किया जाएगा सर्टिफिकेट





### कोलकाता से आ रहे इंजीनियर

रोप-वे में हुए हादसे के बाद कंपनी के एक्सपर्ट इंजीनियर कोलकाता से आ रहे हैं। उन इंजीनियरों के आने बाद ट्रॉली एवं सिस्टम की जांच की जाएगी। इसके साथ ही प्रशासन की टीम भी मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद रोप-वे संचालन के लिए दोबारा फिटनेस सर्टिफिकेट की मांग की जाएगी। एनआईटी की जांच में सब कुछ सही पाए जाने के बाद यह सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में अगले 3 से 5 दिन लग सकते हैं। ऐसे में इससे पहले रोप-वे का संचालन शुरू हो पाना मुश्किल लग रहा है।

### छुट्टी में 3-4 हजार आते थे श्रद्धालु

मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार आम दिनों में लगभग हजार से 12 सौ लोग रोप-वे से आना-जाना करते हैं। वहीं छुट्टियों के दिन एवं शनिवार-रविवार को यह संख्या तीन गुना तक बढ़ जाती है। छुट्टियां रहने पर लगभग तीन से चार हजार श्रद्धालु रोप-वे का सहारा मंदिर पहुंचने के लिए लेते हैं। इनमें अधिक दूरी तक चलने में असमर्थ, बुजुर्ग एवं बच्चों की संख्या अधिक होती थी, लेकिन अब रोप-वे का संचालन बंद होने से से ऐसे श्रद्धालुओं की दिक्कतें बढ़ गई है।

**14 ट्रॉली, 14 का स्टॉफ:** दर्शकों को रोप-वे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मंदिर ट्रस्ट द्वारा करीब 14 ट्रॉली लगाए गए हैं। इन ट्रॉली के जरिये ही श्रद्धालु मंदिर आना-जाना करते हैं। रोप-वे के संचालन की जिम्मेदारी 14 लोगों के टेक्निकल स्टॉफ के भरोसे है। इसके अलावा मंदिर समिति के भी कुछ सदस्य संचालन में मदद करते हैं, जिस समय यह हादसा हुआ, उस वक्त कर्मचारियों का भोजन अवकाश चल रहा था।

# पाकिस्तान कर रहा देश व समाज को विभाजित करने का षड्यंत्र: डा. रमन

**खास बातें**

- मां कर्मा की प्रतिमा का अनावरण एवं सामुदायिक भवन का लोकार्पण करने पहुंचे थे विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह अपने निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान वह विभिन्न आयोजन में शामिल हुए। वहीं अपने विधानसभा अध्यक्ष निवास कार्यालय में स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। डॉ. रमन सिंह ने पहलगाम में हुए पर्यटकों पर आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार द्वारा इस पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ग्राम धीरी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होते हुए यहां मां कर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया और सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। वहीं इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

**प्रधानमंत्री करेंगे सख्त कार्रवाई**

पहलगाम मामले को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि निर्दोष लोगों की हत्या धर्म के आधार पर की गई है। यह न केवल हत्या है, बल्कि देश और समाज को विभाजित करने का षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान यह षड्यंत्र कर देश को विभाजन की दिशा में बढ़ाना चाहता है, लेकिन प्रधानमंत्री इस पर सख्त कार्रवाई करेंगे।

### नक्सलवाद की उल्टी गिनती शुरू

नक्सल मोर्चे पर सुरक्षा बलों द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई के बीच बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के करेंगुट्टा की पहाड़ी में नक्सलियों के खिलाफ चल रही अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन में जवान नक्सलियों के मांद तक पहुंच गए हैं। इसको को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह तीन राज्यों का क्षेत्र है, जहां 8-10 हजार हमारे अलग-अलग फोर्स के जवान मौजूद हैं। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित उड़ीसा, झारखंड और तेलंगाना के जवान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 60 किलोमीटर के एरिया में जवान आगे बढ़ चुके हैं और तीन नक्सलियों को मार गिराया है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि घना जंगल है, वहां नक्सलियों को ढूंढना आसान नहीं है, अब नक्सलवाद की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और नक्सलवाद के खात्मे के लिए यह प्रभावी कदम है।

## पिकअप वाहन में पशु तस्करी, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिकअप वाहन में पशु तस्करी किए जाने की सूचना पर पुलिस ने वाहन से मवेशी बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुरिया पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। 27 अप्रैल को पुलिस ने मूखबीर सूचना पर छुरिया फॉरेस्ट नाका के पास आरोपी शीतल राठौर निवासी नागपुर द्वारा अपने पिकअप वाहन में तीन नग मवेशियों को बिना चारा-पानी के ठूंस-ठूंसकर भरकर अवैध तरीके से कत्लखाना (महाराष्ट्र) परिवहन करते पाए जाने पर कार्रवाई की है।

### तीन भैंस, वाहन व मोबाइल जब्त

आरोपी के कब्जे से तीन नग भैंस, एक नग पिकअप वाहन एवं एक नग एंड्राइड मोबाइल को जब्त किया व आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों के विरुद्ध पृथक से वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष भुआर्य, सहायक उपनिरीक्षक सत्तूलाल कंवर, आरक्षक अश्विन वर्मा, द्वारका कलारी, भुवनेश्वर वर्मा एवं अन्य थाना स्टाफ का कार्य सराहनीय रहा।

**माय एंगल**




# बांग्लादेशी, संदिग्धों की पहचान के लिए मुहिम

- 170 से अधिक लोगों की पुलिस ने की जांच, कोई बांग्लादेशी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में बाहर से आए मुसाफिरों, फेरी वालों, बांग्लादेशी व अन्य संदिग्धों की पहचान के लिए पुलिस ने अभियान चलाया है। जिसके तहत लगभग 170 लोगों की जांच की गई। जिसमें किसी प्रकार के बांग्लादेशी व्यक्ति नहीं पाए गए।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में जिले में हो रही चोरी आदि की घटना की रोकथाम के लिए अभियान के तहत 26 अप्रैल को सभी थाना व चौकी में अभियान चलाकर बांग्लादेशी एवं अन्य बाहरी मुसाफिरों को चेक किया जा रहा है। साथ ही संदिग्ध किरायेदारों की भी चेकिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा अभिनंदन गैलेक्सी अपार्टमेंट, इंदिरा नगर एरिया, इस्कान वाटिका, पनेका चौक, उत्सव अपार्टमेंट बसंतपुर रोड़ में जाकर लगभग 60 लोगों से पूछताछ किया गया। थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा न्यू बस स्टैंड इंदिरा आवास में करीब 50 लोगों को चेक किया गया। थाना सोमनी पुलिस द्वारा कोपेडीही, कल्याणी इस्पात एरिया में चेकिंग अभियान चलाया गया।

जिसमें 40 लोगों से पूछताछ किया गया। ओपी तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा मचानपार, दिवानटोला, तुमडीबोड़ एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लगभग 20 व्यक्तियों से पूछताछ किया गया। जिसमें कोई भी बांग्लादेशी व्यक्ति नहीं पाया गया। ओपी चिखली पुलिस द्वारा अपने चौकी क्षेत्रों में लगभग 20 लोगों से पूछताछ किया गया। जिसमें किसी प्रकार के बांग्लादेशी व अन्य मुसाफिरों की चेकिंग किया गया। जिसमें किसी प्रकार के बांग्लादेशी व्यक्ति नहीं पाया गया।

## जिलेभर में मनाया जाएगा 30 को भगवान परशुराम प्रकटोत्सव

# घर-घर रचाएंगे गुड्डा-गुड़िया का विवाह, अक्ती पर शादी की होड़, सभी होटल-भवन के साथ गार्डन बुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अक्षय तृतीया पर्व पर घर-घर में गुड्डा-गुडिया का विवाह रचाया जाएगा। इस दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्म हुआ था, जिसे अक्षय मुहूर्त माना गया है। 30 अप्रैल को इस पर्व पर विविध सामाजिक एवं पारंपरिक आयोजन भी किए जाएंगे।

वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 30 अप्रैल को है। इस दिन अक्षय तृतीया पर्व अंचल में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाएगा। जिसकी व्यापक तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। बाजार में वैसे तो वैवाहिक मुहूर्तों के चलते रौनक है। शहरी सहित ग्रामीणजनों की इन दिनों बेहतर उपस्थिति हो रही है। जिनके यहां वैवाहिक कार्यक्रम है, वे विवाह संबंधी सामग्रियों की खरीदी के अलावा अन्य खरीदी करने जुटे हुए हैं। जिसके चलते कपड़ा, ज्वेलरी, बर्तन, फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक्स सहित अन्य दुकानों समान दिनों की अपेक्षा इन दिनों लोगों की अच्छी खासी उपस्थिति बन रही है। इसके अलावा वैवाहिक आयोजनों से जुडे डेकोरेशन, वाहन, बैंड, धुमाल, हलवाई सहित अन्य की भी व्यस्तता काफी बढ़ी हुई है। अक्ती को लेकर अधिकांश सार्वजनिक भवनें पूर्व से ही आरक्षित करा लिए गए हैं।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर घर-घर एवं सामूहिक रूप से भी विविध सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम किए जाने की व्यापक तैयारियां की जा रही है। इस दिन बड़ी संख्या में लोग परंपरानुसार सामाजिक आयोजन भी करते हैं। लिहाजा पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी तैयारी है। अक्ती पर शहर सहित ग्रामीण अंचल में धार्मिक, सामाजिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों का सिलसिला बना रहेगा।



### गुड्डा-गुडिया की सजी दुकान

पारंपरिक रूप से अक्षय तृतीया अक्ती पर घर-घर में बच्चे मिट्टी के बने गुड्डा-गुडिया का विवाह रचाते हैं। जिसमें उनके परिजन भी शामिल होकर मंगल कामना करते हैं। पर्व को लेकर शहर के गोल बाजार से लेकर चौक-चौराहों एवं ग्रामीण बाजार में भी मिट्टी के बने गुड्डे-गुडियों की दुकानें सज चुकी है। गुड्डा-गुडिया को आकर्षक एवं आधुनिक रूप भी दिया गया है। जिसके प्रति बच्चे व उनके परिजन आकर्षित हो रहे हैं। गुड्डा-गुडिया सहित छोटे-छोटे वैवाहिक सामग्रियों की मांग भी लोगों के बीच बनी हुई है।

### अक्ती पर सर्वाधिक वैवाहिक आयोजन

लगातार वैवाहिक मुहूर्तों के चलते शहर सहित ग्रामीण इलाकों में इन दिनों वैवाहिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। बारात-चौथिया आने-जाने का वातावरण निर्मित है। ऐसे में अबूझ मुहूर्त अक्ती पर अंचल में बड़ी संख्या में वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की संभावना है। बड़ी संख्या में लोग अक्ती को अतिशुभ मुहूर्त मानते हुए इसी दिन मांगलिक कार्यक्रम आयोजित करने की मंशा रखते हैं। अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में पड़ने वाले इस पर्व को लेकर लोगों में उत्साह एवं व्यस्तता का आलम बना हुआ है।









## खबर संक्षेप



### सीनियर सिटीजन समिति ने पहलगाम घटना के विरोध में पुतला दहन किया

**हरिभूमि कवर्धा।** विगत दिवस पहलगाम कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर गोली मारने की बर्बरता पूर्ण घटना में जिनकी जानें गई है, उसके प्रतिकार स्वरूप सीनियर सिटीजन समिति कबीरधाम के सदस्यों के द्वारा अध्यक्ष मदन तंबोली, सचिव चंद्रहास ठाकुर, कोषाध्यक्ष बीपी सोनी और प्रांतीय संयोजक एसएस जैन के नेतृत्व में वीर स्तम्भ सिग्नल चौक में रात्रि 7 बजे आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। साथ ही साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की गई है कि ऐसे कायरतापूर्ण कार्यवाही का तत्काल बदला लिया जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में सीनियर सिटीजन समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

**आगजनी:** विभागीय अधिकारियों की अनदेखी से सैकड़ों हेक्टेयर जंगल जलकर खाक

# कुकदुर क्षेत्र के जंगलों में लगी भीषण आग, जिम्मेदार बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर

कुकदुर तहसील के पंडरिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत पहाड़ी सारपानी के खुराआमा -पटिया क्षेत्र के जंगलों में पिछले कई दिनों से भीषण आग लगी हुई है, जिससे न केवल न, पौधों का नाश हो रहा है, बल्कि पुराने और बड़े पेड़-पौधे भी जलकर राख हो रहे हैं। इस भीषण आगजनी की चपेट में आने से इलाके की जैव विविधता पर भी भारी असर पड़ा है। दुर्लभ वन्य जीव-जंतु और औषधीय पौधों की प्रजातियां इस आपदा में प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग के अधिकारी, विशेष रूप से बीट गार्ड मौके पर न तो आग बुझाने पहुंचे हैं और न ही स्थिति का जायजा लेने। बताया जा रहा है कि बीट गार्ड का मुख्यालय करीब 15 से 28 किलोमीटर दूर कुकदुर में है, जबकि वे सरईपानी-सेंदूरखार में निवास हेतु भवन बनाया हुआ है। ऐसे में उनकी क्षेत्र पर पकड़ कमजोर नजर आ रही है। इस गंभीर घोर लापरवाही का आलम यह है कि पूरे वन क्षेत्र की सुरक्षा एक-दो स्थानीय चौकीदारों के भरोसे छोड़ दी गई है, जो आगजनी पर नियंत्रण पाने में असफल साबित हो रहे हैं। वहीं अब तक कई हेक्टेयर जंगल जलकर नष्ट हो चुका है और आग फैलती ही जा रही है।



**भीषण आगजनी पर शीघ्र नियंत्रण की मांग**

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन-प्रशासन तथा वन विभाग से मांग की गई है कि इस घोर लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जाए और जंगल की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए। साथ ही साथ भीषण आगजनी पर शीघ्र नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# क्षेत्र में हल्की बारिश से पारा लुढ़का लोगो को गर्मी से मिली राहत

- तापमान में आई गिरावट, लोगों ने ली राहत की सांस।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



ग्रामीण क्षेत्र में हल्की बारिश होने से ग्रामीण रहवासियो को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। पिछले दो-दिन से मौसम में बदलाव तथा रविवार शाम को तेज आंधी-तुफान के साथ हल्की बारिश होने से तापमान भी गिरावट दर्ज की गई थी। वहीं तापमान में गिरावट कम होने से उमस व गर्मी से ग्रामीणो को राहत मिली है। मिली जानकारी के अनुसार इस तेज आंधी तुफान से किसी प्रकार की जन हानि नहीं हुई है बल्कि हल्की बारिश से क्षेत्र के गन्ना फसल किसान, गर्मी धान तथा नदी किनारे लगे साग-सब्जियों के लिए काफी कारगार सिद्ध होगा। वहीं इस बिगड़ती मौसम थोड़ी देर बाद साफ होकर यथावत हो गया, लोग आंधी-तूफान से दैनिक उपयोग की सामाग्री क्रय करने कम ही निकले जिससे बाजार में सुनसान सन्नाटा पसरा रहा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि में बढ़ोतरी कि मांग की




**हरिभूमि कोलेगांव।** शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना भले ही गरीब व मजदूर हितग्राही परिवारों के लिए यह एक अच्छा योजना है, लेकिन इस महंगाई के दौर में 1 लाख 20 हजार रुपए में क्या गरीब व मजदूर परिवार जिनके पास कुछ नहीं है वह अपना मकान बना पाएंगे। जिस पर दिनेश पाण्डेय ने शासन प्रशासन व जिम्मेदार विभागीय अधिकारियो को इस ओर ध्यान देने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि में बढ़ोत्तरी की मांग की गई ताकि गरीब व मजदूर परिवार को राहत मिल सके। श्री पाण्डेय ने बताया कि शासन प्रशासन द्वारा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर क्षेत्र में ज्यादा पैसा और ग्रामीण क्षेत्रों में कम पैसा दिया जाता है यह भेद-भाव को दूर किया जाए और सबको समान राशि दिया जाए तथा पीएम राशि बढ़ोत्तरी की मांग की गई।

# क्षेत्र के एटीएम मशीन महिनों से बंद, ग्रामीण दूर-दराज भटक रहे

- ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सुधार कार्य की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम जोराताल स्थित एटीएम मशीन महिनो से बंद होने से ग्रामीण एटीएम कार्डधारियों को भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण इधर उधर भटकने मजबूर है।

जिस पर ग्रामीणो ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा एटीएम मशीन बंद को जल्द से जल्द चालू करने की मांग की गई। ताकि क्षेत्र के जरूरतमंद ग्रामीणों को राहत मिल सके।



# शालेय राष्ट्रीय स्तरीय बेसबॉल जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में भावेश चंद्रवंशी ने प्राप्त किया सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 68वी शालेय राष्ट्रीय स्तरीय बेसबॉल जूनियर बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में 22 से 27 अप्रैल तक आयोजित किया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों वर्गों की टीम भी सम्मिलित हुई थी, जिसके लिए छत्तीसगढ़ के बालक वर्ग टीम में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से भावेश चंद्रवंशी का चयन हुआ था जो कवर्धा के प्रतिष्ठित संस्थान अशोका पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वी में अध्ययनरत है छत्तीसगढ़ की टीम 19 अप्रैल को बिलासपुर के रेल्वे स्टेशन से रवाना हुए थे। वहीं इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों वर्गों की टीम ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी बताया कि अकेडमी के खिलाड़ियों ने बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है और पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन कर रहे है अभी हाल ही में अकेडमी के खिलाड़ी भावेश चंद्रवंशी का चयन बेसबॉल जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था, जो राजनांदगांव में हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उसका चयन किया गया था। वहीं छत्तीसगढ़ बालक वर्ग की टीम का पहला मैच गुजरात और तेलंगाना के साथ हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक टीम ने गुजरात को 10-00 एवं तेलंगाना को 07-02 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां छत्तीसगढ़ टीम का सामना हरियाणा के साथ हुआ इस मैच में भी छत्तीसगढ़ की बालक टीम ने हरियाणा को 01-00 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाया जहां महाराष्ट्र विरुद्ध छत्तीसगढ़ के बीच पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया। जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से महाराष्ट्र को 03-02 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया यह मैच बहुत ही रोमांचक भरा रहा उसके बाद फाइनल मैच दिल्ली विरुद्ध छत्तीसगढ़ टीम के बीच खेला गया जो बहुत ही कड़ा मुकाबला था दोनों टीम के खिलाड़ियों ने अपना अच्छा प्रदर्शन किया परन्तु मेजबान दिल्ली की टीम ने छत्तीसगढ़ टीम को 02-00 से हराकर फाइनल विजेता बने और छत्तीसगढ़ की बालक टीम को सिल्वर मेडल से ही संतुष्ट होना पड़ा। टीम को पदक लगाने में भावेश चंद्रवंशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा उसी के साथ छत्तीसगढ़ टीम के दल प्रबंधक मृत्युंजय शर्मा, दिनेश वर्गीस का भी विशेष मार्गदर्शन रहा।



### जिले के पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित की

खिलाड़ी भावेश चंद्रवंशी द्वारा जूनियर बेसबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल लगाने के उपलक्ष्य पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, जिला वनमण्डल अधिकारी शशि कुमार, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द सिंह, रायपुर पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, अकेडमी संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के चेयरमैन पवन देवांगन, जिला खेल अधिकारी दिनेश साहू, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई व उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामना की।

## गोंड़ समाज के मुक्तिधाम में अवैध कब्जा, जांच की मांग



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई समस्त गोंड़ समाज ने तहसीलदार पंडरिया को ज्ञापन सौंपकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास गोंड़ मुक्तिधाम में अवैध कब्जा रोकने व कार्यवाही की मांग की गई। पाण्डातराई गोंड़ समाज द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र के हल्का नंबर 42 में स्थित मुक्तिधाम पर अवैध कब्जे की शिकायत ने शासन प्रशासन हल्कों में हलचल मचा दी है। समाज के लोगों ने तहसीलदार पंडरिया को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनबाड़ी केन्द्र के पास स्थित उक्त मुक्तिधाम गोंड़ समाज द्वारा भूमि जिसे गोंड़ समाज ने सामुदायिक भवन हेतु प्रस्तावित किया हैं, उस पर झाडूराम मल्लाह पिता घनाराम मल्लाह द्वारा कथित रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इस मामले में समाज के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर को शिकायत पत्र प्रस्तुत किया था, उक्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया द्वारा तहसीलदार कार्यालय को जांच सौंपी गई है। तहसीलदार पंडरिया द्वारा पटवारी हल्का नंबर 42 को तीन दिवस के भीतर पूरी वस्तुस्थिति की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए है। गौरतलब है कि उक्त मुक्तिधाम किसी भी समुदाय के लिए न केवल धार्मिक आस्था का स्थान होता है, बल्कि यह सामाजिक गरिमा और संस्कृति का भी प्रतीक होता है। ऐसे में वहां किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न केवल भावनात्मक आघात का कारण बनता है बल्कि सामाजिक तनाव को भी जन्म दे सकता है। अतः शासन प्रशासन से शीघ्र मामले की गंभीरता से जांचकर कार्यवाही की मांग की गई।

### ग्रामीण व राहगीरों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे 30 ग्राम राम्हेपुर कला चौंक में जगतजननी राजराजेश्वरी देवी जी की पावन जयंती के अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति ने ग्राम राम्हेपुर कला में प्याऊ घर की शुरूआत की गई है। जिस पर भागवत बंजारे जनपद सदस्य, रमेश शदव उपसरपंच, पवन कोसले सरपंच प्रतिनिधि, पाली समाज के अध्यक्ष रामपाली ने शीतल पेयजल का शुभारंभ कर शरबत वितरण किया। वहीं प्याऊ घर खुलने से ग्रामीणों तथा राहगीरों को शुद्ध पेयजल का लाभ व गर्मी से राहत मिलेगी। कार्यक्रम में संस्था के समस्त कार्यकर्ता, मानव सेवा दल व यूथ विंग का विशेष योगदान रहा।

# दो दिवसीय यूथ एवं इको क्लब का प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



विकासखण्ड कवर्धा के बीआरसी भवन में 25 एवं 26 अप्रैल को दो दिवसीय यूथ व इको क्लब के शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण प्लास्टिक का उपयोग कितना खतरनाक, पर्यावरण में असंतुलन जो पैदा हुआ है जिसके कारण आज सभी जीव-जन्तु अस्वस्थ नजर आ रहे हैं, इसलिए पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना हम सब की अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जिसमें शिक्षक समुदाय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती की छाया चित्र पर पूजा-अर्चना करते हुए खण्ड स्त्रोत समन्वयक केशलाल साहू ने किया। विकासखंड अंतर्गत संचालित 76 उच्चत्तर प्राथमिक विद्यालय के एक-एक शिक्षकों का यह दो दिवसीय प्रशिक्षण आयेजित किया गया।

इस प्रशिक्षण में प्लास्टिक साक्षरता एक वृहद अध्ययन-अध्यापन का विषय वस्तु है, जिस पर सार्थक चर्चा करते हुए विद्यार्थियों के साथ-साथ आम जनता में जागरूकता लाना अत्यंत आवश्यक हैं, हम प्रतिदिन प्लास्टिक का अंधाधुंध उपयोग करके बीमार पड़ रहे हैं, वृक्षों की कटाई हो रही है, जल संरक्षण का अभाव है चारों तरफ प्रदूषण ही प्रदूषण नजर आ रहा है, इसलिए पर्यावरण को शुद्ध करना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

पर्यावरण यूथ एवं इको क्लब की अवधारणा, महासागर साक्षरता, जमीन एवं प्लास्टिक साक्षरता पर विशेष रूप से बतलाया कि कैसे हमारे शरीर के अंदर हर सप्ताह 5 एमएल माइक्रो प्लास्टिक जाते जा रहा है, प्लास्टिक का सफर व निर्माण, 3 आर की अवधारणा में रिड्यूस, रीयूज, रिसायकल वृक्ष मित्र कार्ड, प्लास्टिक का विकल्प व इसके 07 प्रकार से विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक की पहचान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अवगत कराना। 12 सप्ताह की गतिविधियां, प्लास्टिक की वस्तुओं में भोजन आदि ग्रहण करने का दुष्परिणाम, समूह गतिविधियां पेपर बैग निर्माण, सोख्ता गड्ढे का निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग, जल प्रदूषण व जल संरक्षण, जमीन मेला, पौधरोपण आदि विषय पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया।

पोषण वाटिका विषय पर प्रशिक्षण देते हुए किचन गार्डन और पोषण वाटिका में अंतर, वाटिका हेतु जगह का चयन, मिट्टी की तैयारी, फसल का चयन और फसल चक्र, बीज संकलन और प्रदर्शनी, कम स्थान पर कैसे अधिक फसल या खेती की जाए इस हेतु नक्शा बनाना, बुआई, फसल वृद्धि के कारक, फसल की सुरक्षा और कटाई आदि विषयों पर प्रशिक्षित करते हुए रसायन रहित खेती के स्थान पर जैविक खेती की उपयोगिता पर जोर दिए तथा बहुत कम खर्चे में जीवामृत, बीजामृत, नीम अर्क इत्यादि जैविक खाद्य तैयार करने की विधि गोबर, गौमूत्र, गुड़, मिट्टी, चना, बेसन, पानी, नीमपत्ती आदि के माध्यम से बनाने की विधि बतलाई गई।

### नगदी फसल से आर्थिक रूप से सशक्त हो रहें किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

क्षेत्र के किसान गन्ना फसल के साथ ही साथ साग सब्जी और फलों की खेती करने मे जुटे हुए है। इससे किसान न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे है, बल्कि आत्मनिर्भर बन रहे है। वहीं ग्राम दौजरी किसान राहुल पिता संतोष चंद्रवंशी से मिली जानकारी के अनुसार 10 एकड़ में एक फसल नही बल्कि कई फसल जैसे धान, गेंहू, साग-सब्जी, फल फूल व अन्य फसलों का उत्पादन कर रहें है।

**जिला स्तरीय महरा समाज का भव्य सम्मेलन नवागांव में**

# राज्य सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्धः डिप्टी सीएम




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा रविवार को सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम नवागांव में आयोजित महरा झारिया समाज के भव्य सामाजिक सम्मेलन में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए महरा समाज के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महरा समाज की एकता, मेहनत और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराएं समूचे प्रदेश के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार समाज के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे के विकास के क्षेत्र में कई प्रभावी योजनाएं संचालित कर रही है।

उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान पीएम जनमन, युवाओं के लिए स्वरोजगार योजनाएं और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों का विस्तार से उल्लेख करते हुए बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने महरा समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और अगली पीढ़ी तक उसे पहुंचाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता, सहयोग और सकारात्मक सोच के साथ हम छत्तीसगढ़ को एक मजबूत और समृद्ध राज्य बना सकते हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, युवा और महिलाएं उपस्थित थें।

### शिक्षा ही समाज को जागरूक, सशक्त व आत्मानिर्भर बना सकती है श्री शर्मा

उप मुख्यमंत्री ने महरा समाज के सदस्यों से शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को जागरूक, सशक्त और आत्मनिर्भर बना सकती है। शिक्षित समाज ही अपने अधिकारों के प्रति सजग होता है और विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकता है। उन्होंने युवाओं को सरकारी कौशल विकास कार्यक्रमों से जुड़कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### दस दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर व्यावसायिक शिक्षा में अध्ययनरत कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं ट्रेड आईटी एवं ऑटोमोबाइल के छात्र छात्राओं ने प्राचार्य श्रीमती ममता मिश्रा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक वेद प्रकाश साहू एवं गुमान सिंह के मार्गदर्शन में 10 दिवसीय इंटर्नशिप पूर्ण किया। दस दिवसीय इंटर्नशिप के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, और प्रत्येक विद्यार्थी के खाते में 1125 रुपए की राशि का भुगतान किया गया। कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को चार वर्षों में स्व-रोजगार स्थापित करने के लिए हुनरमंद बनाया जाता है, जिसमें प्रति वर्ष अतिथि व्याख्यान भी आयोजित किए जाते हैं। इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य श्रीमती ममता मिश्रा, पालक गण धर्मेंद्र केसरी, डोमन चन्द्राकर, जुद्धू , दौवराम एवं गांव के गणमान्य नागरिक, पालकगण और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### एमए मनोविज्ञान का परिणाम 96 प्रतिशत

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने एमए मनोविज्ञान परीक्षा (अंतिम) का परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में कुल 75 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें से 72 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा परिणाम ओवरऑल 96 प्रतिशत आया है।

### पंडरिया क्षेत्र के वनांचलों पावर कट से लोग परेशान

**कवर्धा।** भीषण गर्मी के इस दौर में जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के वनांचलों में हो रहे पॉवर कट से लोग त्रस्त हो चुके हैं। ग्राम नेऊर के उपभोक्ताओं ने बताया कि यहां लोगों को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। चौबिस घंटों में बमुस्किल कुछ ही घंटे लोग बिजली का उपयोग कर पा रहे हैं बाकी समय बिजली गायब ही रहती है। स्थिति ये है कि जरा सा मौसम बदला नहीं कि पॉवर कट हो जाता है और घंटों के लिए बिजली सप्लाई बंद रहती है। जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**तैयारी:** जिले के 19 समितियों के लिए जारी किया गया टेंडर

# तेंदूपत्ता की तोड़ाई एक मई से, जिले के संग्राहकों में उत्साह, तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मौसम अनुकूल रहा है और सब कुछ समान्य रहा तो इस वर्ष जिले में तेंदूपत्ता की तोड़ाई का कार्य 1 मई से प्रारंभ कर दिया जाएगा, जिसका जिलेभर के तेंदूपत्ता संग्राहक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक जिले की सभी 19 समितियों में तेंदूपत्ता तोड़ाई की तैयारियां की जा रही है। बताया जा रहा है कि बीते वर्षों की अपेक्षा इस बार जिले के तेंदूपत्ता संग्राहकों में तेंदूपत्ता तोड़ाई को लेकर न सिर्फ भारी उत्साह देखने को मिल रहा है बल्कि वे 1 मई का बड़ी बेसब्री से इंतजार भी कर रहे हैं। क्योंकि अब तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रूपए प्रति मानक बोरा की दर से भुगतान किया जा रहा है जिससे संग्राहकों को सीधे तौर पर अच्छा लाभ हो रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कांग्रेस शासनकाल में तेंदूपत्ता 4000 रूपए प्रति मानक बोरा के भाव से खरीदा जाता था लेकिन भाजपा शासन काल में इसके समर्थन मूल्य में 1500 रूपए की वृद्धि की गई है। वहीं इस बार जिले में विपरीत मौसम के बावजूद तेंदूपत्ता का अच्छा उत्पादन हुआ है यही वजह है कि इस बार तेंदुपत्ता संग्राहकों में भारी उत्साह और खुशी देखने को मिल रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के जिले के राजानवागांव, बोड़ला, सहसपुर, सिंघारी, मोतिमपुर, पंडरिया, कोदवा, कुकदुर, कामठी, खैरबना, तरेगांव, चिल्फी, खारा सहित अन्य वनांचल ईलाकों में हर साल मई माह के इस सीजन में उच्चकोटि के तेंदुपत्ता का भरपूर उत्पादन होता है और यही वजह है कि यहां के तेंदुपत्ता की मांग कर्नाटक सहित दूसरे राज्यों में होती है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते वर्षो तक ठेकेदार तेंदुपत्ता की तोड़ाई के पूर्व ही इसकी बोली लगाकर एडवांस में लघुवनोपज समीतियों से खरीदी कर लिया करते थे। इस बार भी समितियों द्वारा टेंडर जारी कर दिया गया है।

## विपरीत मौसम में भी अच्छा उत्पादन



यहां बताना लाजिमी होगा कि इस वर्ष जिले में अप्रैल माह के शुरूआती दौर में जिले के मैदानी ईलाकों से लेकर वनांचल ईलाकों में बेमौसम बारिश के साथ ही ओला वृष्टि का भी कहर देखने को मिला है। जिसने कई वनोपज को भारी नुकसान भी पहुंचाया है। ऐसे में आशंका जताई जा रही थी कि बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि से तेंदूपत्ता को भी भारी नुकसान होगा और उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। लेकिन इसे वनवासियों की किस्मत ही कहें विपरीत मौसम में भी तेंदूपत्ता का अंचल में जबरदस्त उत्पादन देखने को मिल रहा है। समिति प्रबंधकों की माने तो तेंदूपत्ता पूरी तरह साफ सुथरा है जिसमें माता के दाग भी नहीं है। जिसे ठेकेदारों को खरीदने में कोई परेशानी नहीं है।

## भाजपा सरकार की चुनावी घोषणा के बाद भी तेंदूपत्ता संग्राहकों को नहीं मिल रही चरण पादुका

यहां बताना लाजिमी होगा की पूर्व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों को शासन की चरण पादुका योजना का लाभ दिया जाता था। लेकिन प्रदेश में कांग्रेस भूपेश सरकार के आने के बाद इस जनकल्याणकारी योजना को बंद कर दिया गया था। बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में सत्ता में आने के बाद पुनः तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका योजना प्रारंभ किए जाने का ऐलान किया था। भाजपा सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए जारी अपने बजट में चरण पादुका योजना के लिए 50 करोड़ रूपए का प्रावधान भी किया है। लेकिन कबीरधाम जिले की समितियों तथा तेंदूपत्ता संग्राहकों की माने तो प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन के 16 माह से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन उन्हें अभी तक भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल चरण पादुका योजना का लाभ न तो बीते वर्ष मिला और न ही अभी तक इस वर्ष इस योजना का अतापता है जबकि 1 एक मई से तेंदूपत्ता की तोड़ाई का कार्य प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में तेंदूपत्ता संग्राहकों ने शासन से चरण पादुका योजना का लाभ तत्काल दिए जाने की मांग की है।

# उपमुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग व वेटलिफ्टिंग के विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



- कवर्धा के खिलाड़ियों ने बढ़ाया देश का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को नेपाल के पोखरा शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग और वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का परचम बुलंद करने वाले कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों से सौजन्य भेंट मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जिले के सूरज राजपूत ने बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में सात देशों के प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए इंटरनेशनल मिस्टर ओवरऑल का खिताब अपने नाम किया। कवर्धा की पहली महिला वेटलिफ्टर दीपाली सोनी ने 76 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। पुरुषों के 67 किलोग्राम वर्ग में सब-जूनियर श्रेणी के अभिषेक तिवारी ने वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं 14 वर्षीय अनुराग जांगड़े ने 109 किलोग्राम वर्ग में सब-जूनियर वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतकर भविष्य की एक बड़ी उम्मीद बनकर उभरे हैं। इन युवाओं की मेहनत, समर्पण और लगन आज हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इनकी उपलब्धि से न सिर्फ हमारा जिला, बल्कि पूरे प्रदेश और देश का नाम रोशन हुआ है। इस अवसर पर पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य डॉ वीरेन्द्र साहू, लोकचंद साहू, विजय पटेल, रवि राजपूत, भुखन साहू, पार्षद डोनेश राजपूत, दीपक सिंहा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# टोल प्लाजा कर्मी बनेंगे जीवन रक्षक, जिले टोल कर्मियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में, राज्य के टोल प्लाजा कर्मियों के लिए विगत तीन माह से क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में गत 22 अप्रैल से 27 अप्रैल तक, कबीरधाम जिले के मुढ़ियापारा टोल प्लाजा के कर्मियों को दो बैच में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। एचएलएफपीपीटी छत्तीसगढ़ के राज्य प्रशिक्षक सुरेश कापसे ने प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सीपीआर तकनीक का अभ्यास करवाते हुए उन्हें किसी भी महिला, पुरुष या बच्चे की आपात स्थिति में जान बचाने में सक्षम बनाया। साथ ही सड़क सुरक्षा, कार्यशैली के नियम, तनाव प्रबंधन, संवाद कौशल, आपातकालीन परिस्थितियों का प्रबंधन, सकारात्मक व्यवहार, समय प्रबंधन, टोल पर यात्रियों के सम्मान का महत्व, व्यक्तिगत स्वच्छता, फास्टैग के लाभ और 1033 आपातकालीन सेवा के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। नमस्ते संस्कृति के महत्व को भी विशेष रूप से रेखांकित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान टोल कर्मियों ने खेल, गीत, संगीत और नृत्य में भाग लेकर अपनी छुपी प्रतिभाओं का भी शानदार प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर, टोल संचालक कंपनी मां नर्मदा ट्रेडर्स के प्लाजा मैनेजर रत्नेश सेन ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निर्देशक, प्रशिक्षण सुपरवाइजर दिलीप पांडेय और प्रशिक्षक सुरेश कापसे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल अत्यंत प्रभावी रहा बल्कि कर्मियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला साबित हुआ। टोल प्लाजा के कुल 28 कर्मियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लेकर जीवन रक्षक कौशल अर्जित किया और यह संकल्प लिया कि वे प्रत्येक यात्री के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार बने रहेंगे। कर्मियों ने भविष्य में भी वर्ष में एक बार ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम की मांग की है।

## श्रीमद् भागवत कथा में उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ...



कवर्धा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के ग्राम लिमो जुनवानी और प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि, शांति और कबीरधाम जिले के विकास के लिए प्रार्थना की।

# स्वच्छ होने लगा राधाकृष्णा बड़े मंदिर तालाब: चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

## तालाब संरक्षण अभियान के तहत की गई साफ-सफाई



- राधाकृष्णा बड़े मंदिर तालाब में चलाया गया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

स्थानीय वार्डवासियों, समाज प्रमुख, संगठन, समाज सेवी व जनप्रतिनधियों के साथ-साथ नगर पालिका कर्मचारियों की टीम द्वारा प्रति रविवार को तालाब की सफाई में श्रमदान किया जा रहा है इन सबके सहयोग से आज से राधाकृष्णा तालाब अब स्वच्छ होने लगा है लगातार तीसरे रविवार को इस तालाब में श्रमदान किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य तालाब को स्वच्छ बनाए रखना, उसका संरक्षण करना और पशु-पक्षियों व अन्य जीव-जंतुओं को जल संकट से बचाना है ताकि आने वाले समय में जल स्तर कम ना हो और पानी के लिए कोई ना भटके। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि यह पहल केवल सफाई तक सीमित नहीं है हम सभी का कर्तव्य है कि हम तालाब को स्वच्छ रखें और उसका निस्तारी सही ढंग से करें। लगातार आज तीसरे रविवार को समाज प्रमुख, स्वयं सेवी संगठन, हरितिमा टीम, योग टीम सहित वार्डवासियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा तालाब में श्रमदान किया गया। जिसका परिणाम स्वरूप आज राधा कृष्णा बड़े मंदिर तालाब स्वच्छ होने लगा है। हमारा शहर का सभी तालाब स्वच्छ रहे, इस हेतु प्रत्येक रविवार को तालाबों की सफाई श्रमदान से किया जाना है। तालाब स्वच्छ रहेगा, तो इस पूर्ण निस्तारी का काम आयेगा। उन्होनें इस जन अभियान में जुड़ने नगरवासियों को अपील की है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जयसवाल, पार्षद व सभापति दुर्गेश अवस्थी, बिहारी राम धुर्वे, अजय सिंह ठाकुर, दीपक सिन्हा, सुरेंद्र पांडेय, शम्भू देवांगन, केशरी चंद सोनी, सोनू उपाध्याय, सुरेंद्र गुप्ता, श्रीकांत उपाध्याय, सचिन अग्रवाल, जितेंद्र वैष्णव, अजय चौबे, जसवंत छाबड़ा, स्टेडियम में अग्निवीर प्रशिक्षण ले रहे युवागण सहित अधिक संख्या में वार्डवासी जन उपस्थित थे।

### जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति हो रहे जागरूक

गर्मी के मौसम में पानी की कमी से मनुष्य और जानवरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में तालाबों की स्वच्छता और संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो जाता है। तालाब न केवल मनुष्य जीवन की जीवन रेखा हैं, बल्कि यह जैव विविधता के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अभियान में श्रमदान करने पहुंचे लोगों द्वारा तालाब की अंदर फैली गंदगी को निकाली जा रही है, आसपास की गंदगी हटाई जा रही है और किनारों को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

### प्रेरणादायक व सराहनीय कदम: आदित्य श्रीवास्तव

वरिष्ठ साहित्यकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व उनकी टीम द्वारा तालाबों की सफाई करने का बीड़ा जो उठाया है उसमें सभी समाज सेवी, संगठन, समाज प्रमुख सहित अन्य संगठन के लोग जुड़ने लगे है उन्होनें कहा कि यह प्रयास जल स्रोतों को पुर्नजीवित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में भी एक प्रेरणादायक पहल है।

# अंचल के मौसम में मची खलबली पर गर्मी से नहीं मिल रही राहत

- अंचल में आंधी-तूफान व हल्की तेज बूंदाबांदी का दौर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अप्रैल माह के अंतिम दिनो में कवर्धा सहिम समूचे अंचल में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच मौसम में जबरदस्त खलबली मची हुई है। स्थित ये है कि भोर फटने के साथ ही चटख धूप खिल रही है वहीं दोपहर का पारा 45 के पार पहुंच रहा है। ऐसे में कहीं आसमान में बदली छा रही है तो कहीं हल्की बूंदा बांदी देखने को मिल रही है। देखते ही देखते तेज आंधी तूफान के साथ मौसम के आसार झमाझम बारिश के भी बन रहे हैं लेकिन बादल सिर्फ मुंह चिड़ाते नजर आ रहे हैं। इन सब के बीच अगर बात गर्मी से राहत की, कि जाए तो गर्मी यथावथ बनी हुई बल्कि आसमान में बदली छाने और अंचल के कुछ स्थानो में हल्की-तेज बूंदा बांदी होने से उमस लोगों को बेचेन कर रही है। रविवार की ही बात की जाए तो अंचल में सुबह से ही चटख धूप खिली थी लेकिन दोपहर होते-होते अचानक मौसम बदल गया और तेज हवा के साथ हल्की बूंदा बांदी शुरू हो गई। यहां गौरतलब है कि क्षेत्र में यह सिलसिला बीते कई दिनों से जारी है और प्रतिदिन मौसम अपने दो रूप दिखा रहा है। सुबह चटख धूप खिल रही है और शाम को तेज हवा तथा आसमान में बदली छा रही है। कुल मिलाकर मौसम की यह खलबली लोगों के लिए नुकसानदायक बताई जा रही है। मौसमी उथलपुथल का असर जहां लोगों की सेहद पर पड़ रहा है वहीं इन दिनो सम्पन्न होने वाले मांगलिक कार्यक्रमों पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है।

## गर्मी में भी हरी सब्जी के दामों से राहत

**कवर्धा।** अमुमन ग्रीष्म ऋतु में एक तो हरी सब्जी की आवक बेहद कम होती है और उस पर भी उनके दाम काफी ज्यादा होते हैं। लेकिन इसे नगर के लोगों की खुशकिस्मती ही कहें की अंचल के सब्जी उत्पादक किसान और ग्रामीण उन्हें न सिर्फ इस भीषण गर्मी में हरी व ताजा सब्जी उपलब्ध करा रहे हैं बल्कि किफायती व कम दामों में। ग्रीष्म ऋतु के इस दौर में कवर्धा नगर हरी और ताजा सब्जियों की किस्मों से अटा पड़ा है। जिसकी खरीदी के लिए हर रोज सब्जी बाजार में लोगों का रैला भी देखा जा सकता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनो सब्जी बाजार में भिंडी, लोकी, चुटचुटिया, तोरई, बरबट्टी, कद्दू, कुंदरू, भांटा, की भरमार है और ये सभी सब्जी मात्र 20 से 40 रूपए किलो में बिक रही है। इसके अलावा पत्तेदार सब्जियों की बाद की जाए तो लाल भाजी, चौलई भाजी, पालक भाजी, खेड़ा भाजी, कांदा भाजी, घोलो भाजी, अमारी भाजी, चैंच भाजी जैसी भाजियों की भी अच्छी आवक बनी हुई है। बाजार में ये तमाम भाजी 10 रूपए में तीन-चार जूरी के हिसाब से खूब बिक रही है। यही स्थिति धनिया पत्ती और हरी मिर्ची की भी है तो अभी बाजिब दामों में उपलब्ध हो रही है। इस बार गर्मी के मौसम में टमाटर भी 20 रूपए किलो से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। माना जा रहा है कि यह अंचल के सब्जी उत्पादक किसानो की मेहनत का ही नतीजा है जो लोगों को भीषण गर्मी के इस दौर में भी किफायती दामों में हरी सब्जियां भरपूर मात्रा में उपलब्ध हो रही है। स्थानीय सब्जी उत्पादक किसानों ने बताया कि सिंचाई के साधन उपलब्ध होने के कारण उनके द्वारा अपनी बाडियां में सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है। जिसके चलते बाजार में लोकल बाड़ी से निकलने वाली सब्जी की अच्छी आवक बनी हुई और उनके दाम भी कम हैं।

**प्रोजेक्ट का लक्ष्य विद्यालय की गतिविधियों में पालकों की सहभागिता बढ़ाना**

# हाई स्कूल छिरहा में शाला विकास में पालक सहभागिता प्रोजेक्ट सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यालय विकास में पालकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित शाला विकास में पालक सहभागिताः शासकीय हाई स्कूल छिरहा का प्रयास प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। इस अभिनव प्रयास का मुख्य लक्ष्य विद्यालय की गतिविधियों में पालकों की सहभागिता बढ़ाना, शिक्षक और अभिभावक के मध्य स्वस्थ संवाद स्थापित करना, विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति में पालकों की रुचि को बढ़ावा देना और विद्यालय के विकास के लिए अभिभावकों से उपयोगी सुझाव प्राप्त करना था। प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के दौरान प्राचार्य चन्द्रवंशी ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने नियमित रूप से पालक शिक्षक बैठकों का आयोजन किया, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। शिक्षकों को साथ लेकर पालकों से उनके घरों पर जाकर संपर्क स्थापित किया। इसके अतिरिक्त, विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों और विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की नियमित जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से पालकों तक पहुंचाई गई। इस सक्रिय और सतत प्रयास का सकारात्मक परिणाम देखने को मिला है। प्रोजेक्ट के परिणामस्वरूप, विद्यालय से पालकों के जुड़ाव में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। अब अभिभावक न केवल विद्यालय की गतिविधियों में अधिक रुचि ले रहे हैं, बल्कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई में भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। इसका सीधा प्रभाव विद्यार्थियों की उपस्थिति पर भी पड़ा है, जिसमें काफी सुधार देखा गया है। प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पालकों का सहयोग विद्यालय के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब अभिभावक व शिक्षक मिलकर काम करते हैं, तो बच्चों का भविष्य उज्जवल होता है। इस प्रोजेक्ट की सफलता सभी के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

## सार समाचार

### धान सूखत की भरपाई सरकार करें



**राजनांदगांव।** जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ राजनांदगांव मोहला-मानपुर व खैरागढ़ संयुक्त जिला के पदाधिकारी आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन से राजनांदगांव में मुलाकात की। मुलाकात में मांग किए हैं कि छत्तीसगढ़ सरकार के धान खरीदी नीति के अनुसार नवंबर 24 से धन खरीदी किया गया है, जो आज अप्रैल 2025 तक उठाव नहीं हो पाया है। तेज गर्मी के कारण धान खुले आसमान के नीचे पड़े रहने से प्रति बोरी में दो से तीन किलो धान में वजन कम आ रही है। जिसके लिए जिला प्रशासन समिति प्रबंधक को दोषी ठहराकर नोटिस जारी कर रही है। जबकि छत्तीसगढ़ सरकार ने 28 फरवरी तक संपूर्ण धान उठाव का वादा किया था। आदेश जारी भी किया था। उसके पश्चात सूखत की भरपाई सरकार करेगी। ऐसा पत्र जारी कर गत आंदोलन में हमें आश्वस्त किया गया था और हमसे धान खरीदी करवाया गया। धान खरीदी संपन्न होने के बाद आज तक धान का उठाव नहीं हुआ है और वजन शॉर्टेस्ट की भरपाई हमसे करने की नोटिस जारी कर रहे हैं, जो सरकार का दोषपूर्ण निर्णय है। ज्ञापन देने के समय संयुक्त जिला अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष किशुन देवांगन, खैरागढ़ जिला अध्यक्ष यशवंत वर्मा, संरक्षक रूपनारायण हिरवानी, प्रकाश भैसारे, महामंत्री संतोष साहू, उपाध्यक्ष एवं तीनों जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कन्या स्कूल जाने वाले मार्ग में मिला शव

**गंडई पंडरिया।** नगर के शासकीय कन्या स्कूल जाने वाले मार्ग में बने मणिकंचन केंद्र के बॉउंड्री के पास लोगों ने सुबह लगभग 5 और 6 बजे के बीच एक व्यक्ति को मृत अवस्था में देखा।घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। यह खबर नगर में फैली, तब जानकारों ने देखकर बताया कि मृतक चंदूमल उर्फ राजेन्द्र राजपूत 50 वर्ष निवासी गंडई है। मौके पर परिजन आए और 112 को इसकी सूचना दिया गया। शव को गंडई हास्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम किया और दोपहर में शव परिजनों को सौंप दिया गया। देर शाम को अंतिम संस्कार किया गया। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर ने बताया कि मृतक के अंग जांच के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर ही तय हो पाएगा कि मौत का पुख्ता क्या कारण था।

### नीरज पैरेंट्स प्राइड में समर क्लासेस आज से

**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग में इस वर्ष भी सभी स्कूलों के बच्चों के लिए समर क्लासेस 28 अप्रैल से आरंभ होकर 26 मई तक चलेगी। इस समर क्लासेस में बच्चों के लिए स्पोकेन इंग्लिश एंड ग्रामर, इंग्लिश एवं हिंदी रीडिंग एंड हेंड राइटिंग, ड्राईंग, डांस, क्रॉस फीट/जुम्बा, रिसनिंग, बेसिक नॉलेज ऑफ कंप्यूटरए कराते, संगीत की-बोर्ड सिंथेसाइजर, तबला, गिटार, सिंगिंग वोकल म्युजिंग आदि क्लासेस लिए जा रहे हैं। इन कक्षाओं के लिए सुबह 7 से 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 21 अप्रैल से ही शुरू किया गया है। समर क्लास की इसी कड़ी में कक्षा नर्सरी से केजी-2 के बच्चों के लिए गर्मियों की छुट्टियों नन्हे-मुन्नों की दुनिया तीन से पांच साल तक के बच्चों के लिए के अंतर्गत आर्ट एंड क्राफ्ट, स्टोरी टेलिंग, टेबल मेनर्स, फन गैम्स, हैंड राइटिंग, म्युजिक एंड डांस इत्यादि कक्षाएं ली जाएगी। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने सभी पालकों से आग्रह किया है कि अपने बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का लाभ देने इन कक्षाओं में प्रवेश दिलाएं। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

## धामनसरा में मितान लोक महोत्सव का यादगार आयोजन

# तरूणा की पंडवानी, घेवर व भोला साहू की कॉमेडी को दर्शकों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में बीती रात समीपस्थ ग्राम धामनसरा में मितान लोक महोत्सव 2025 का यादगार आयोजन किया गया।

मितान महोत्सव की शुरूआत तुकाराम यादव के नेतृत्व में जय बजरंग रामधुनी मंडली धामनसरा के कलाकारों द्वारा झांकी के साथ प्रस्तुत संगीतमय रामधुनी से हुआ। छत्तीसगढ़ की उभरती पंडवानी गायिका तरूणा साहू ने पंडवानी गायन करते द्रौपदी चीरहरण का प्रसंग प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ के जस सम्राट कहे जाने वाले जस गायक दुकालू यादव ने अपनी लोकप्रियता के अनुरूप मोर गांव के शीतला दाई तोला बंदव ओ..., अंगारमोती मोर दाई..., झूपत-झूपत आबे दाई... जैसे सुप्रसिद्ध देवी जस गीतों को प्रस्तुत कर लोगों की जोरदार तालियां बटोरी। छत्तीसगढ़ की युवा लोक गायिका आरू साहू ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी सुआ गीत, गौरा गीत, राउत नाचा गीत प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ की समृद्धशाली लोककला और संस्कृति को मंच पर साकार किया।



#### दी श्रद्धांजलि

सुप्रसिद्ध गायक गायिकाओं द्वारा प्रस्तुत लोकगीतों पर लोक प्रयाग राजिम, संगी के मया गुंडरदेही और मोर मयारू संगी टेडेसरा के कलाकारों ने भावप्रणव नृत्य और अभिनय किया। पार्श्व संगीत उग्रसेन देवदास (गुड्डू) का था। कार्यक्रम का संचालन संजय मैथिल ने किया। कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

#### प्रस्तुति ने मोहा दर्शकों का मन

छत्तीसगढ़ की स्वर कोकिला अलका परगनिहा चंद्राकर ने लोकप्रिय गीत ढोल बाजे रे..., तोर बोली मीठ लागे परेवना..., मीठ-मीठ लागे ओ..., तोर चेहरा आंखी मा झूलत रहिथे... और महादेव हिरवानी के साथ ददरिया डारी रे डारी... प्रस्तुत कर आयोजन को नई ऊंचाई प्रदान की। सुप्रसिद्ध गायक पं. विवेक शर्मा और कंचन जोशी ने का तै मतौना खवाये मोला ओ..., तोर बर रह जाहूं मैं जिंदगी भर कुंवारा...गीत गाकर दर्शकों का मन मोह लिया। विवेक शर्मा ने मोर दुर्गा दुलौरिन ओ तें पहुना बनके आबे और कंचन जोशी ने मोर बर ले दे न राजा... जैसे गीतों को प्रस्तुत कर अपनी लोकप्रियता सिद्ध की। लोक गायक राकेश सेन के गीतों और फिल्म कलाकार शिवा साहू के फिल्मी डायलॉग को भी लोगों ने सराहा। हास्य कलाकार घेवर यादव और भोला साहू ने स्टैंडअप कॉमेडी करते दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। अंतिम प्रस्तुति अमरज्योति नाच पार्टी मोहला ने दी। उन्होंने नाचा को मंच पर साकार किया।

## सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 23 अप्रैल को शाम करीबन 5 बजे अपने व्हाट्अप को देख रहा था, तभी झूलेकर कोंचिग के संचालक लेखराम झूलेकर द्वारा सोशल मीडिया में आपत्तिजनक भ्रामक बातें प्रचारित किया गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में आरोपी के विरूद्व अपराध धारा 197 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान थाना बसंतपुर टीम द्वारा आरोपी के सकुनत में दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपी के विरूद्व अपराध सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर अभिरक्षा में न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया।

## लापता बालिका पुणे में मिली

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग घर से अचानक लापता थी। जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। खोजबीन के दौरान पुलिस ने नाबालिग बालिका को महाराष्ट्र पुणे से बरामद किया, जिसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा 4 दिसंबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिग लड़की उम्र 17 साल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा माता-पिता के विधिपूर्ण संरक्षण से बहला-फुलसाकर भगाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में गुम इंसान एवं धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

#### परिजनों को सौंपा

अपहृत बालिका की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर द्वारा अपहृता के पतासाजी हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को अपहृता के पुणे महाराष्ट्र में होने की सूचना प्राप्त होने उपरांत थाना प्रभारी एमन साहू घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारी को अवगत करते अपहृता के पतासाजी के संबंध में उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव के साथ टीम गठित कर रवाना किया। पुलिस की गठित टीम टीम द्वारा अपहृता को पुणे महाराष्ट्र से बरामद कर परिजनों को सुपुर्दनामे पर दिया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू, उपनिरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, आरक्षक आशीष मानिकपुरी एवं प्रवीण मेश्राम की सराहनीय भूमिका रही।

## नांदगांव शिक्षा मंडल के सुरेश एच लाल बने अध्यक्ष

- शिक्षा मंडल के साधारण सभा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नांदगांव शिक्षा मंडल के साधारण सभा की बैठक 27 अप्रैल को वर्तमान अध्यक्ष नंदकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष ने सत्र 2021-2024 तक के अंकेक्षित लेखा प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त किया। तत्पश्चात सचिव सुरेश एच. लाल द्वारा सचिविय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। सचिविय प्रतिवेदन के पश्चात शिक्षा मंडल के विधान में संशोधन का प्रस्ताव रखा गया।

संशोधन के अंतर्गत नांदगांव शिक्षा मंडल के अंतर्गत स्किल पाठ्यक्रम एवं नर्सिंग महाविद्यालय खोलने तथा विधि महाविद्यालय में स्नातक विधि की सीट वृद्धि एवं एलएलएम की कक्षाएं खोलने का प्रस्ताव सर्वसम्मत अनुमोदित किया गया। अध्यक्ष नंदकुमार अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं निरंतर सक्रिय बने रहने का आह्वान किया। बैठक में श्रीकिशन खंडेलवाल ने अध्यक्ष पद के लिए भी सुरेश एच. लाल का नाम प्रस्तावित किया। सर्वसम्मत से सभी सदस्यों ने अनुमोदन कर अध्यक्ष पद के लिए सुरेश एच.लाल को निर्वाचित घोषित किया गया। सचिव पद के लिए अशोक चौधरी ने भी अनिल के नाम का प्रस्ताव रखा। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से उन्हें सचिव निर्वाचित घोषित किया। सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित कर उनका सम्मान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री लाल ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में सभी का धन्यवाद किया एवं सभी के सहयोग से शिक्षा मंडल को नए आयाम तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के अंतर्गत सभी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी। अंत में सदस्यों द्वारा पहलगाम काशमीर में हुई घटना पर मृतकों को श्रद्धाजंलि अर्पित की एवं शोक प्रस्ताव द्वारा जिला जज दुर्ग एवं महाविद्यालय की पूर्व छात्रा मीनाक्षी गोंडाले तथा संस्था के सदस्य भी विक्की शुक्ला की माता श्रीमती विमलेश शुक्ला के प्रति भी श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भी श्रीकिशन खंडेवाल, अशोक कोटड़िया, अशोक चौधरी, उमाकांत भारद्वाज, रईस अहमद शकील एवं किशोर बेलावाला, प्रशासक डॉ. आरएन सिंह आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका निगार सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




लगातार 44 साल तक ब्लॉक के विभिन्न शालाओं में शैक्षणिक सेवा देने वाली राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका निगार अंजुम खान की सेवानिवृत्ति पर शाला परिवार ने कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी बिदाई दी।

भरदाकला हाईस्कूल में प्रभारी प्राचार्य के रूप मे कार्यरत निगार अंजुम खान का शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित कर उनकी शैक्षणिक सेवाओं को स्मरणीय पल बताते अतिथियों ने कहा कि पूरी शिद्दत से उन्होंने कार्यकाल के दौरान मिली जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। सहयोगी स्वभाव, अनुशासन और शिक्षा क्षेत्र में प्रतिबद्धता को लेकर नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणादायक सीख लेनी चाहिए।उन्होंने सेवानिवृत्ति उपरांत लोक कल्याणकारी सामाजिक कार्यों मे देने की बात करते कहा कि उनके ज्ञान व अनुभव से हर वर्ग का हित होगा।

इस दौरान विधायक यशोदा वर्मा, एसएनडीसी अध्यक्ष परमानंद साहू, सविता साहू, तामेश्वरी साहू, रघुनाथ साहू, कौशल कोसरे, चंद्रिका साहू, वीरेश्वर साहू, नरहरदेव सिंह, सुखचैन साहू, विनोद साहू, सरपंच शेख कुर्रे, शिवकुमार साहू सहित शाला स्टाफ की पायल मेश्राम, दानेश्वर भैसारे, ओमप्रकाश सोनी, संजय गहरवार, डॉ. दीपाली सिंह, प्ररेणा सिंह, जागृति सिंह, सुबोधकांत पांडेय, ज्योति केहरी, प्रियंका चौहान, शिवनी श्रीवास्तव, रामेश्वरी वर्मा, रघुनंदन मरावी, अश्विनी धुर्वे, कृतराम जंघेल, रामसिंह यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। समारोह का संचालन दूजराम साहू ने किया।

## अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुढ़ीपार

ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में गुरुवार को अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ हुआ। अब पंचायत के लोगों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होगी। इस केन्द्र के शुरू होने से ग्रामीणों को विभिन्न कार्य के लिए अब ब्लॉक एवं जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। यहां नागरिक सुविधाओं से संबंधित सेवाएं, वित्तीय सेवाएं ,सीएससी की सेवाएं ऑनलाइन होंगी। अटल डिजिटल सेवा केंद्र के माध्यम से लोग जन्म -मृत्यु प्रमाण पत्र, आय, निवास जाति प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, राजस्व सेवा के लिए आवेदन कर सकेंगे। यहां नगद आहरण, राशि ट्रांसफर, बीमा, कृषि, पेंशन, पैन कार्ड संबंधित काम भी होंगे। सीएससी सेवा के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं का पंजीयन भी होगा। बिजली बिल भुगतान, रेल टिकट बुकिंग आदि भी गांव से हो सकेगा।



#### वन अधिकार पट्टा वितरण

कार्यक्रम में वन अधिकार पट्टा का वितरण किया गया। आजीविका मिशन के तहत महिला समूह को चेक प्रदान किया गया। वर्तमान जल संकट को देखते हुए जल संरक्षण की शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर इन्द्रपाल सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, डिप्टी डायरेक्टर पंचायत मोहित ध्रुव, जिपं सभापति अरुणा बनाफर, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, जनपद सीईओ नारायण बंजारा, पुरषोत्तम साहू, श्री त्रिपाठी, कुमेश साहू, नरोत्तम सिन्हा, भागवत साहू, उत्तम पटेल आदि मौजूद थे।

### पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत सुपोषण सह प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत सुपोषण बैठक सह प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस का आयोजन किया गया। बैठक सह प्रशिक्षण में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ राज्य कार्यालय, रायपुर, एनआरएलएम जिला पंचायत के अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक सह प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी पर्यवेक्षकों तथा एनआरएलएम के सामुदायिक संवर्गों को ग्रामीण महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य, खानपान तथा पोषण संबंधी विस्तारपूर्वक महत्वपूर्ण जानकारी तथा जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा तैयार किए गए पोषण मार्गदर्शिका पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## विरोध में कांग्रेस ने किया आतंकवाद का पुतला दहन



- पहलगाम में हुए आतंकी घटना का जमकर विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 28 बेगुनाहों को गोली मारकर हत्या के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आतंकवादियों एवं पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के मुंह पर कालिख पोतकर, पाकिस्तानी झंडा को लात मारते हुए आतंकवाद व पाकिस्तान का पुतला दहन किया।

कांग्रेस नेताओं ने मशाल रैली निकालकर नगर भ्रमण करते हुए जय स्तंभ चौक पर एकत्रित हुए। पुतला दहन कर घंटे भर तक नारेबाजी किया। मशाल रैली में राजा गिरिराज किशोर दास, रामकुमार पटेल, कोमल साहू, सज्जाक खान, संजय महोबिया, आरती महोबिया, गुलशन तिवारी, मनीष कोचर, शैव्या वैष्णव, संजू नेताम, अमित महोबिया, विनोद तिवारी, अशोक जंघेल, प्रकाश महोबिया, आशु खान, हेमंत वैष्णव, इशू दुबे, नजारुद्दीन खान, रिंकू महोबिया, कामदेव जंघेल, संतोष यदु आदि शामिल हुए।

इस मौके पर कांग्रेसियों ने कहा कि जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश है जहां सुरक्षा का जिम्मा गृह मंत्रालय के अधीन होता है फिर भी हथियारबंद आतंकवादी पर्यटकों की हत्या कर बच निकले जो सुरक्षा की बड़ी चूक है।

## कलेक्टर ने पुरातत्व धरोहरों का किया निरीक्षण

### घटयारी शिव मंदिर और देऊर मंदिर स्थल पहुंचकर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जिले के पुरातत्विक धरोहरों का निरीक्षण कर संरक्षण कार्यों की समीक्षा बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कलेक्टर चंद्रवाल ने छुईखदान ब्लॉक के गंडई स्थित घटयारी शिव मंदिर और देऊर मंदिर स्थल पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। 1इस दौरान उन्होंने दोनों ही मंदिर से संबंधित मान्यताओं व इतिहास के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि पुरातत्व धरोहरों का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इसके संरक्षण एवं विकास को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही अधिकारियों को पर्यटन को बढ़ावा देने इन स्थलों का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान एडीएम सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, सहायक संचालक उद्यान रविन्द्र कुमार मेहरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



#### कलेक्टर पहुंचे पांडादाह अस्पताल, किया निरीक्षण

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने खैरागढ़ ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडादाह का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और इलाज के लिए पहुंचे मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। वहीं अस्पताल प्रबंधन से ओपीडी की संख्या, चिकित्सकों की उपलब्धता, जनरल वार्ड, नवजीवन कक्ष व कोल्ड चैन पॉइंट की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में स्वच्छता एवं व्यवस्था का भी जायजा लिया। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।



